


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच





वर्ष- 14, अंक - 04 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 16 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## सीजी विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी का निधन
## सीने में दर्द उठा और अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष और भानुप्रतापपुर विधायक मनोज मंडावी का निधन हो गया है। रविवार की सुबह उनके सीने में तेज दर्द उठा और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मनोज मंडावी शनिवार रात को धमतरी के सर्किट हाउस में रुके थे और रविवार की सुबह उनके सीने में दर्द हुआ। डॉक्टरों ने बताया है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। मनोज मंडावी के आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मंत्री मंडल अन्य सदस्यों व विधायकों ने शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री मंडावी वरिष्ठ आदिवासी नेता थे। उन्होंने नवगठित छत्तीसगढ़ के गृह राज्यमंत्री और विधानसभा के उपाध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया और प्रदेश की सेवा की। वे वर्ष 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के तथा वर्ष 2013 और 2018 में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। मंडावी छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष भी रहे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि मनोज सिंह मंडावी आदिवासी समाज के बड़े नेता थे। वे आदिवासियों की समस्याओं को विधानसभा में प्रभावशाली ढंग से रखते थे। मंडावी आदिवासी समाज की उन्नति और अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे। प्रदेश के विकास में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उनका निधन हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने मनोज सिंह मंडावी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### एक नजर मनोज मंडावी का राजनीतिक सफर पर


- 1998 से 2000 तक वे मध्यप्रदेश शासन में एससी, एसटी आदिवासी मंत्रणा समिति के सदस्य थे।
- 2003 में वे दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए।
- 2014-15 में छत्तीसगढ़ विधानसभास में विशेषाधिकार समिति के सदस्य बने।
- 2015-16 में गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्प संबंधी समिति के सदस्य बने।
- 2017-18 में विधान समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य बने।
- 2018 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए।
- 2018-19 में सरकारी उपक्रमों संबंधित समिति के सदस्य बने।
- 2019-20 में छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष चुने गए।
- 2020-21 से वे विधानसभा उपाध्यक्ष के साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्य भी रहे।

### एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष और भानुप्रतापपुर विधायक स्व मनोज मंडावी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। राजधानी रायपुर एवं कांकेर में आज राजकीय शोक रहेगा तथा उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

### विशेष...

#### ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर ने की खुदकुशी, फंदे से लटकी मिली लाश



**इंदौर।** टीवी इंडस्ट्री से एक शॉकिंग खबर सामने आ रही है. मशहूर टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर ने सुसाइड कर लिया है। एक्ट्रेस ने इंदौर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। एक्ट्रेस ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर पिछले 1 साल से इंदौर में रह रही थीं। एक्ट्रेस के आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर वहां पहुंचीं और एक्ट्रेस के शव को बरामद किया। पुलिस को वैशाली के शव के पास से सुसाइड नोट भी मिला है।जानकारी के मुताबिक, तेजाजी नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. पुलिस एक्ट्रेस के आत्महत्या करने की वजह तलाश रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट से एक्ट्रेस के आत्महत्या करने की क्या जानकारी मिलती है, ये जल्द पता चल जाएगा।

### टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में हो गया खेल

## क्वालिफाइंग राउंड में नामीबिया से हारा श्रीलंका

**सिडनी ( एजेंसी )।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का रविवार को आगाज़ हो गया है। ऑस्ट्रेलिया में आज से टूर्नामेंट के क्वालिफाइंग राउंड के मैच शुरू हुए। टूर्नामेंट का पहला मैच श्रीलंका और नामीबिया के बीच खेला गया और पहले ही मैच बड़ा उलटफेर हो गया। क्वालिफाइंग राउंड के पहले मैच में नामिबिया ने श्रीलंका को 55 रनों से हरा दिया है। वर्ल्डकप में श्रीलंका की इससे खराब शुरुआत नहीं हो सकती। मैच जीतने के बाद नामिबिया ने फील्ड पर जमकर जश्न मनाया।

इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। नामीबिया ने पहले बैटिंग करते हुए 163 का स्कोर बनाया है। नामिबिया की इस मैच में शुरुआत काफी बेहतर नहीं हुई थी। टीम ने 35 के स्कोर पर ही अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बीच में एक छोटी साझेदारी हुई और नामीबिया ने रफ्तार पकड़नी शुरू की। जेन फ्राइलिंक और स्मिट नामिबिया के लिए 44 और 31 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच सिर्फ 33 बॉल में 69 रनों की साझेदारी हुई। इनकी पारियों के दम पर नामीबिया का स्कोर 163 रनों तक पहुंच पाया। श्रीलंका की ओर से इस मैच में मधुसन ने 2 विकेट लिए। बाकी गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला।



164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत ऐसी बिगड़ी कि आखिर तक इनके विकेट गिरते ही रहे। 21 रन स्कोर पर श्रीलंका के तीन विकेट गिर चुके थे। भानुका राजपक्षे व कप्तान शनाका ने पारी संभालने का प्रयास किया लेकिन वे भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। विकेटों के पतझड़ के बीच श्रीलंका 19 ओवर में 108 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। नामिबिया की ओर से डेविड वेशे, बेर्नर्ड शॉट, बेने शिकोंगो व जेन फ्रेयिंक ने दो-दो विकेट चटकाए। नामिबिया के गेंदबाजों ने पूरी कंजूसी के साथ बॉलिंग की और श्रीलंको 164 के लक्ष्य तक पहुंचने ही नहीं दिया।



## दीपावली-छठ को लेकर यूपी-बिहार के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**लखनऊ ( एजेंसी )।** मानसून के जाते जाते देश में त्यौहारों को सीजन शुरू हो जाता है। अक्तूबर में दीपावली और छठ पूजा का त्योहार है। इससे ट्रेनों में भारी भीड़ है। खासकर यूपी, बिहार तथा पश्चिम बंगाल जाने वाली गाड़ियों में रिजर्वेशन के बाद आरएसी और वेटिंग भी फुल हो चुकी हैं। इसे देखते हुए रेलवे ने देहरादून से मुजफ्फरपुर और हावड़ा के बीच त्योहार पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन को मंजूरी दी है। अक्तूबर में एक के बाद एक कई त्योहार होते हैं।


इसी वजह से इसे त्योहारी महीना भी कहा जाता है। इस बार पांच अक्तूबर को दशहरा और 13 अक्तूबर में करवा चौथ का त्योहार हो चुका है। अब 23 अक्तूबर को धनतेरस, 24 को दीपावली तथा 30 को छठ पूजा मनाई जाएगी। बिहार और पश्चिम बंगाल में भी दीपावली और छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह रहता है। इसीलिए पश्चिम बंगाल और बिहार आने जाने वाली सारी ट्रेनों में इस समय भारी भीड़ चल रही है।

इन गाड़ियों में रिजर्वेशन के बाद आरएसी और वेटिंग भी काफी पले से फुल चल रही हैं। गाड़ियों में भीड़ कम करने के लिए रेलवे ने देहरादून से बिहार के मुजफ्फरपुर और देहरादून से पश्चिम बंगाल के हावड़ा रेलवे स्टेशन तक त्योहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन को मंजूरी दी है। रेलवे मुख्यालय से जारी कार्यक्रम के मुताबिक देहरादून से मुजफ्फरपुर के लिए 20 और 23 अक्तूबर की शाम सवा पांच बजे त्योहार स्पेशल ट्रेन चलेगी।

मुजफ्फरपुर से यही ट्रेन 21 और 24 अक्तूबर में रात 8.30 बजे देहरादून के लिए रवाना होगी। उधर, देहरादून से 20 और 27 अक्तूबर की रात 12 बजे हावड़ा के लिए और 21 तथा 28 अक्तूबर को हावड़ा से वापसी में यही ट्रेन दिन में 12.30 बजे देहरादून के लिए प्रस्थान करेगी। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने त्योहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन को रेलवे मुख्यालय से मंजूरी मिलने की पुष्टि की है।

## संकटः खतरे में प्रधानमंत्री की कुर्सी! क्या ऋषि सुनक इस बार मार लेंगे बाजी?

**लंदन ( एजेंसी )।** ब्रिटेन में बढ़ते सियासी संकट के बीच ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस की कुर्सी खतरे में आती दिखाई दे रही है। बता दें कि लिज ट्रस एक महीने पहले ही प्रधानमंत्री के लिए चुनी गई थीं। इन सब के पीछे की वजह जो है वह है लिज ट्रस का जनता से किए गए हर वादे से पलटना। इधर यह भी खबर है कि ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के बागी नेता लिज ट्रस को पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री के रूप में हटाने की योजना बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिद्वंद्वी ऋषि सुनक के खेमे के लोग इसमें शामिल हैं। यह द टाइम्स के लिए YouGov पोल के रूप में सामने आया है, जिसमें नतीजा निकला कि टोरी पार्टी के लगभग आधे समर्थकों का मानना है कि पार्टी ने नेतृत्व चुनाव में गलत उम्मीदवार को चुना। YouGov पोल में पाया गया कि पिछले चुनाव में कंजरवेटिव को वोट देने वालों में से 62 प्रतिशत ने कहा कि ट्रस और सुनक के बीच मुकाबले में पार्टी के सदस्यों ने गलत चुनाव किया है जबकि 15 प्रतिशत ने कहा था कि उन्होंने सही फैसला किया।



## हादसाः तेज रफ्तार ने फिर ली 9 लोगों की जान, आमने-सामने से टकराई दोनों गाड़ियां

**हासन ( एजेंसी )।** देश में हाइवे पर गाड़ियों की तेज रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी तेज रफ्तार ने कई जिंदगियां और परिवारों को बर्बाद किया है। वहीं ऐसी तेज गति से गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ लगाम लगाना बहुत जरूरी है। नहीं आगे भी ऐसी कई जिंदगियां काल के गाल में समाती रहेंगी। समय समय पर केन्द्र व राज्य सरकारें भी गाड़ियों की स्पीड को लेकर जनजागरूकता का संदेश देती रहती है। उसके बावजूद लोग इसे अनदेखा कर अपनी व अन्य लोगों की जान से खिलवाड़ करते रहते है। बता दें कि कर्नाटक के हासन में टेंपो ट्रैवलर और दूध की गाड़ी में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत होने की खबर है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।



### ऐसे हुआ हादसा

पुलिस के मुताबिक, यह हादसा गांधीनगर के पास अरसिकेरे तालुका में हुआ। टेंपो ट्रैवलर और केएमएफ की दूध की गाड़ी की रफ्तार तेज बताई जा रही थी। दोनों गाड़ियां आमने-सामने से टकरा गईं। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दर्शन करके लौट रहे थे श्रद्धालु

जांच में सामने आया है कि टेंपो ट्रैवलर में सवार लोग धर्मस्थल, सुब्रमण्यम और हसनम्बा मंदिरों के दर्शन करके अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने पीड़ितों के परिजनों को मामले की जानकारी दे दी है।

## सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर जवान ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के डोमीकला बेस कैंप से बड़ी खबर सामने आ रही है। रविवार सुबह यहां एक आरक्षक ने अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद जिले के एसपी अक्षय कुमार व एएसपी पुपलेश पात्रे सहित बेस कैंप के अफसर मौजूद हैं। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह डोमीकला बेस कैंप से फायर की आवाज आई। जवानों ने सुना और आवाज की दिशा में भागे। पास जाकर देखा तो आरक्षक बेदराम (35) की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। जवानों ने पास जाकर देखा तो रायफल भी पड़ी हुई थी। बेदराम ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी गई।



सूचना के बाद मौके पर कैंप के अफसर पहुंचे और पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना के बाद नए जिले के नए एसपी वाय अक्षय कुमार व एएसपी पुपलेश पात्रे व थाना प्रभारी पहुंचे। घटना को एएसपी पपुलेश पात्रे ने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे की घटना है। आरक्षक बेदराम ने खुद को गोली मार ली है। अभी आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। बेदराम मूलतः बिलासपुर का रहने वाला था और इसका पूरा परिवार राजनांदगांव जिले में है। फिलहाल परिवार को सूचना दे दी गइ है। जांच के बाद ज्यादा जानकारी दी जा सकती है।

## आखिर कितने डिजिटल हैं हम

श्रीकंचनपथ न्यूज




हम सब डिजिटल युग में जी रहे हैं. मोबाइल फोन आने के ढाई दशक बाद दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां मोबाइल एब्यूज और स्क्रीन टाइम सबसे बड़ा मुद्दा बने हुए हैं. इनका शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर देखा जा रहा है. आंखें खराब हो रही हैं, स्पांडिलोसिस के मरीज बढ़ रहे हैं, रीढ़ की समस्या बढ़ रही है और जाने क्या-क्या हो रहा है. समाज में विघटन आ रहा है. लोग अपने-अपने मोबाइल में कैद हो रहे हैं. बिना मोबाइल देखे खाना अंदर नहीं जाता. बिना मोबाइल के सुबह पेट भी साफनहीं होता. परिवारों में आपस की बातचीत खत्म होने के कगार पर है. अब दोपहर को बाल सुखाती गृहिणी पड़ोसन से नहीं पूछती ङ्क 'का साग रांधे हस'. अब बातें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कंटेन्ट की होती है. सभी के पास-अपना अपना व्हाट्सअप ग्रुप है. कुछ ग्रुप में उन्हें बिना पूछे शामिल कर लिया गया है तो कुछ ग्रुप में उन्होंने खुद किसी और को बिना पूछे शामिल कर लिया है. इन ग्रुप्स में दिन भर रोचक सामग्री इधर से उधर शेयर होती रहती है. इनमें फेक न्यूज, फेक वीडियो और विवादास्पद बातें भी होती हैं. खबरों को आगे बढ़ाने की इस होड़ में हम सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को कई बार मार चुके हैं. पारिवारिक स्टैंडअप कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का जब फाइनली निधन हुआ तो हमारे पास कहने के शब्द नहीं बचे थे. हमने मरने से पहले ही उन्हें कई बार श्रद्धांजलि जो दे दी थी. दरअसल, पल-पल आ रही नई सूचनाएं दिमाग को किसी भी सूचना पर ठहरने, सोचने या पुनर्विचार करने का वक्त ही नहीं देती. ब्रेकिंग की ऐसी होड़ मची है कि स्थापित अखबार भी इसका शिकार हो रहे हैं. राज्य का नम्बर वन सर्कुलेशन वाला अखबार भी ब्रेकिंग न्यूज देता है कि बच्चा चोर महिला पकड़ी गई. थोड़ी देर बाद अखबार एक और खबर देता है कि महिला उन बच्चों की अभिभावक थी जिन्हें वो दीपावली शॉपिंग के लिए बाजार लेकर आई थी. आखिर पाठक कैसे तय करेगा कि कौन सी सूचना पुष्ट है और किसकी पुष्टि का इंतजार करना है. हालांकि सूचनाओं की इस ओलावृष्टि में मीडिया का काम कुछ आसान हुआ है पर सच कहीं खो सा गया है. कुछ साल पहले जब भिलाई के एक शिक्षाविद के पुत्र का शव बरामद हुआ तो उसकी आरोपी गर्लफ्रेंड की फोटो मीडिया में खूब चली. इसका सोर्स उसका फेसबुक अकाउंट था. हाल ही में रायपुर में पदस्थ एक आईएएस अफसर के घर ईडी की रेड पड़ी तो एक नामचीन मीडिया ने उसकी पत्नी के ढेर सारे फोटो के साथ न्यूज पोस्ट की. ये फोटोग्राफ्स भी उनकी पत्नी के फेसबुक आईडी से ही आए थे. झल्लाकर उन्होंने अपना फेसबुक पेज प्राइवेट कर दिया और प्रोफाइल लॉक कर दिया. अब खबरों से सोशल मीडिया नहीं चल रहा बल्कि सोशल मीडिया कंटेंट्स से अखबार छापे जा रहे हैं. ऐसे में विश्वसनीयता का क्या होगा?

## वित्तमंत्री सीतारमण का बेतुका बयान रुपया कमजोर नहीं, डॉलर मजबूत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बेतुका बयान आया है। उनका कहना है कि भारतीय रुपया गिर नहीं रहा, बल्कि डॉलर निरंतर मजबूत हो रहा है। वित्त मंत्री इन दिनों अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर हैं। वाशिंगटन डीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब उनसे रुपये में नरमी को लेकर सवाल पूछा गया तब उन्होंने यह बात कही।



निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) रुपये की गिरावट को थामने के लिए सबसे अच्छे उपाय कर रहा है। वित्त मंत्री से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रुपये में आ रही नरमी से आने वाले दिनों में पेश आने वाली चुनौतियों को लेकर सवाल किया था। साथ ही पूछा था कि इसे आगे और टूटने से बचाने के लिए सरकार क्या प्रयोजन कर रही है।

इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि रुपया गिर नहीं रहा, बल्कि डॉलर निरंतर मजबूत हो रहा है। डॉलर के आगे अन्य सभी मुद्राओं की हालत समान है। उन्होंने कहा कि अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्रा की तुलना में डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति और प्रदर्शन बेहतर रहा है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि RBI लगातार कोशिश कर रहा है कि मुद्रा को लेकर बहुत ज्यादा उथल-पुथल ना हो। आरबीआई की कोशिश बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये के मूल्य को ठीक करने से नहीं जुड़ी है।

## संपादकीय

### बेमौसम की बारिश

वैज्ञानिक दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि सरकारों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने रणनीति नहीं बनाई, तो ये समस्याएं बढ़ती जाएंगी। मगर आज भी ये चेतावनी राष्ट्रीय चिंता और चर्चा का हिस्सा नहीं है। फिलहाल खबरें उत्तर प्रदेश से आई हैं कि बीते एक हफ्ते में हुई असामान्य बारिश से वहां फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि जुलाई- अगस्त में जब बारिश की जरूरत थी, तब बहुत कम या बिल्कुल ही बारिश नहीं हुई। इससे खास कर धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। अब जबकि बारिश की जरूरत नहीं थी, तो इतनी बारिश हुई है कि कई जगहों पर फसलें डूब गई हैं या बारिश के कारण उन्हें काफी नुकसान पहुंचा है। इस तरह उस समय जबकि महंगाई सहित अन्य आर्थिक समस्याओं की मार वे पहले से झेल रहे हैं, उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। यानी एक तरह से उनके साथ मुसीबत में आटा गीला होने की कहावत दोहराई गई है। बहरहाल, गौर करने की बात यह है कि बेतरतीब मौसम की यह कोई पहली घटना नहीं है। बल्कि पिछले कुछ महीनों के दौरान ही भारत में और आसपास जलवायु की ऐसी मार पड़ी है। अभी ज्यादा वक्त नहीं गुजरा, जब बेंगलोर शहर परेशान हुआ था। वहां असामान्य बारिश और उससे जल-जमाव का ऐसा नजारा देखने को मिला कि भारत की 'सिलिकॉन वैली' की इमेज धुंधली हुई। इसके पहले पाकिस्तान में जो अभूतपूर्व बारिश और बाढ़ से तबाही हुई, वह तो अब भी दुनिया की चिंता बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने उचित ही इन परिघटनाओं को जलवायु परिवर्तन का परिणाम बताया है। सरकारों का बेशक यह फर्ज है कि मौसम की मार झेल रही आबादी को राहत देने के प्रयास वे करें। मगर ऐसे प्रयासों से हर वर्ष ज्यादा गंभीर हो रही जलवायु परिवर्तन की समस्या का कोई समाधान नहीं निकलेगा। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि चिंता और चर्चाओं में यह पहलू गायब रहता है। अगर कभी इसका जिक्र होता भी है, तो लाचारी जताने के लिए ऐसे किया जाता है। जबकि वैज्ञानिक कम से कम तीन दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि अगर सरकारों ने जलवायु परिवर्तन रोकने और परिवर्तन के परिणामों का मुकाबला करने की कारगर रणनीति नहीं बनाई, तो ये समस्याएं बढ़ती जाएंगी। मगर आज भी अगर ये चेतावनी राष्ट्रीय चिंता और चर्चा का हिस्सा नहीं है, तो इसे हमारी आत्मघाती प्रवृत्ति के अलावा और क्या कहा जा सकता है?

> " अब जबकि बारिश की जरूरत नहीं थी, तो इतनी बारिश हुई है कि कई जगहों पर फसलें डूब गई हैं या बारिश के कारण उन्हें काफी नुकसान पहुंचा है। इस तरह उस समय जबकि महंगाई सहित अन्य आर्थिक समस्याओं की मार वे पहले से झेल रहे हैं, उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। यानी एक तरह से उनके साथ मुसीबत में आटा गीला होने की कहावत दोहराई गई है। बहरहाल, गौर करने की बात यह है कि बेतरतीब मौसम की यह कोई पहली घटना नहीं है।

## शाह की उम्र, बिहार में मुद्दा क्यों?

यह कमाल की बात है कि बिहार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उम्र और उनके राजनीतिक अनुभव का मुद्दा बन रहा है। वे एक राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं, भाजपा जैसी बड़ी पार्टी के महासचिव और राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं और देश के गृह मंत्री हैं, उन्होंने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाई है। इसके बावजूद बिहार के नेता बार बार उनके उम्र और अनुभव का हवाला देकर उनको कमतर दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। हो सकता है कि बिहार के मामले में उनका अनुभव कम हो या लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनको उम्र के आधार पर खारिज कर दिया जाए।

अमित शाह 11 अक्टूबर को जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके पैतृक गांव सिताब दियारा पहुंचे और नीतीश व लालू प्रसाद पर जेपी के सिद्धांतों से हट कर कांग्रेस की गोद में बैठने का बयान दिया तो नीतीश ने तंज करते हुए कहा कि जेपी पर बोलने के लिए अमित शाह की उम्र अभी कम है। उन्होंने कहा कि अमित शाह 2002 से पहले कहां था। नीतीश ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब शाह को प्रमुखता मिली और लोगों ने उनको जाना। उनका करियर सिर्फ 20 साल का है। सोचें, इसका क्या मतलब है? उनको 2002 में प्रमुखता मिली तो क्या वे जेपी पर नहीं बोल सकते हैं?

नीतीश कुमार जो सारे समय गांधी के बारे में बोलते हैं और उनके रास्ते पर चलने की बात करते हैं तो क्या इसके लिए उनकी उम्र कम नहीं है? जेपी के निधन के समय अगर अमित शाह बच्चे थे तो महात्मा गांधी के निधन के समय तो नीतीश का जन्म भी नहीं हुआ था। अगर यह तर्क लागू किया जाए तो गांधी से लेकर बुद्ध तक के बारे में कोई भी कैसे बात करेगा? हैरानी की बात है कि जो नीतीश ने कहा उससे पहले वहीं बात उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी कही। उन्होंने भी कहा कि शाह जब दस साल के रहे होंगे, तब से हम राजनीति करते हैं। यह भी बेमतलब का बयान है क्योंकि किसी भी नेता का उसकी उम्र से नहीं, बल्कि उसके कामकाज और उपलब्धियों के आधार आकलन होना चाहिए।

> " गरीबी की बढ़ती दर देश की आर्थिक प्रगति को बाधित करती है, जब देश की बड़ी आबादी आधारभूत सेवा-सुविधाओं को खरीदने या उनका लाभ पाने से वंचित रहती है, तो आर्थिक विकास हासिल करना अधिक कठिन होता है। गरीबी जैसी समस्या अन्य अनेक सामाजिक समस्याएं पैदा करती है जो लोगों के जीवनमान को बुरी तरीके से प्रभावित करती है।

# आर्थिक असमानता और गरीबी ले रही संघर्ष का भयावह रूप



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज हम आधुनिक तकनीकी युग और विश्व शक्ति की बात करते है, लेकिन आज भी अस्पताल से एम्बुलेंस के लिए पैसे के अभाव में लोग अपने परिजनों के शव कंधे पर ढोकर ला रहे, दुर्गम और पिछड़े इलाकों में आज भी मासूम बच्चे नदी-नाले, जंगल, उबड़-खाबड़ रास्तों को पार करके स्कूल जा रहे, कई ग्रामीण महिलाएं पानी के लिए रोज लंबा सफर तय करती है, आज भी हमारे देश के कई ग्रामीण इलाकों में आधारभूत चिकित्सा सेवाओं के अभाव में आपातकालीन समय में जिंदगियां दांव पर लग जाती है, आज भी कई असहाय लोग सड़क किनारे कचरे के ढेर में से खाना ढूंढते नजर आते है, मासूम बच्चें भूख-भूख करते हुए जान गवाने और गरीबी में कई मां अपनी कोख के मासूम को बेचने को मजबूर होने जैसी कई ऐसी हृदय विदारक घटनाएं खबरों के माध्यम से देखने-सुनने पढ़ने मिलती है। गरीबी में जीवन का संघर्ष मनुष्य को किस रास्ते पर ले जाये, कह नहीं सकते। गरीबी में जिंदगी के लिए मनुष्य को बहुत बार ऐसी मजबूरियों से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए वह कभी सोच नहीं सकता। गरीबी में जन्मे बच्चो का जिंदगी के लिए संघर्ष जन्म से ही शुरू हो जाता है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य मिलना तो दूर, पहले दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष होता है, शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधा के लिए संघर्ष होता है, शिक्षा के बाद रोजगार के लिए संघर्ष होता है, जीवनयापन के लिए आवश्यक सुविधाओं के लिए संघर्ष होता है, शुद्ध हवा पानी आवास के लिए तो जिंदगीभर संघर्ष चलता है। अगर भेदभाव, भ्रष्टाचार, ऊँच-नीच जैसी विचारधारा मध्य आ जाये तो ये गरीबी जीवन का संघर्ष और भी भयावह होता है। हर साल 17 अक्टूबर को गरीबी कम करके जीवनमान उच्च करने के उद्देश्य से दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन अंतराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस साल 2022 के लिए गरीबी उन्मूलन अंतर्राष्ट्रीय दिवस की मुख्य थीम व्यवहार में सभी के लिए गरिमा यह है। गरीबी की बढ़ती दर देश की आर्थिक प्रगति को बाधित करती है, जब देश की बड़ी आबादी आधारभूत सेवा-सुविधाओं को खरीदने या उनका लाभ पाने से वंचित रहती है, तो आर्थिक विकास हासिल करना अधिक कठिन होता है। गरीबी जैसी समस्या अन्य अनेक सामाजिक समस्याएं पैदा करती है जो लोगों के जीवनमान को बुरी तरीके से प्रभावित करती है। गरीबी में स्वास्थ्य और शिक्षा के निम्न स्तर, भूख और कुपोषण, अस्वच्छ हवा पानी वातावरण, बेहतर जीवन के बहुत कम अवसर, सामाजिक भेदभाव और बहिष्कार के साथ-साथ निर्णय लेने में भागीदारी की कमी, अपर्याप्त सुरक्षा और क्षमता होती हैं। गरीबी अपराध, गलिच्छ बस्ती, नशाखोरी, बीमारियों को बढ़ाने में सहायक होती है। लिंग या जातीय भेदभाव, खराब शासन, भ्रष्ट प्रशासन वर्ग, संघर्ष, शोषण, अत्याचार और घरेलू हिंसा सहित असमानताएं भी गरीबी का कारण बनती हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी है। अनपढ़ और गरीब लोग जो मिले वह काम, मजदूरी या बोझा ढोने को भी तैयार हो जाते है, लेकिन आज महंगाई की स्थिति सामान्य मध्यमवर्गीय शिक्षित लोगो के जीवन का संघर्ष भी मुश्किल बना रही है, आर्थिक तंगी के कारण सामान्य मध्यमवर्गीय लोगों में आत्महत्या का प्रमाण चिंताजनक रूप से काफी बढ़ गया है। शिक्षा और बेरोजगारी का ये आलम है कि शिक्षा अनुरूप नौकरी नहीं मिलती, इसलिए बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित उमेदवार भी चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु आवेदन कर रहे है।




### बढ़ती आर्थिक असमानता चरम पर

विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 कहती है कि भारत देश में दुनिया की सबसे चरम असमानता देखी गई है। देश की शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है, जिसमें से 22 प्रतिशत शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों के पास है जो 1990 में 11 प्रतिशत था। नीचे के 50त्न आबादी के हिस्से देश की कुल संपत्ति का केवल 13 प्रतिशत है, ये लोग सालाना 53160 रुपये और शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी 1166520 रुपये कमा रहे हैं, जो निम्न से 20 गुना अधिक है। गिनी (आय वितरण में असमानता) गुणांक देश में बढ़ती असमानता की ओर इशारा करती है। 2014 में गुणांक 34.4 प्रतिशत से 2018 में गुणांक बढ़कर 47.9 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट यह भी बताती है कि पिछले एक दशक में तनाव, उदासी, गुस्सा और चिंता बढ़ रही है, जो अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश में धन के साथ लैंगिक समानता और नस्लीय समानता की भी आवश्यकता नजर आती है।

### भुखमरी और कुपोषण की स्थिति नाजुक

यूनाइटेड नेशन अनुसार, हर दिन, 10,000 से अधिक बच्चों सहित 25,000 लोग भूख और संबंधित कारणों से जान गवाते हैं। दुनिया भर में लगभग 854 मिलियन लोगों के कुपोषित होने का अनुमान है, और उच्च खाद्य कीमतें अन्य 100 मिलियन को गरीबी और भूख में धकेल सकती हैं। भारत में अल्पपोषण की व्यापकता 14.8 प्रतिशत है, जो वैश्विक और एशियाई दोनों औसत से अधिक है। 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा रिपोर्ट किया गया था कि देश में लगभग 19 करोड़ लोग हर रात खाली पेट सोने के लिए मजबूर थे। इसके अलावा, सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है कि देश में हर दिन लगभग 4500 बच्चे पांच साल से कम उम्र में भूख और कुपोषण के कारण मर जाते हैं। ऑक्सफैम रिपोर्ट अनुसार, हर मिनट कम से कम 11 लोग भूख और कुपोषण से मर रहे हैं। दुनिया में जिन लोगों के पास भोजन तक पहुंच नहीं है, उनकी संख्या 700 मिलियन से बढ़कर 821 मिलियन हो गई, उपायों के बावजूद पिछले पांच वर्षों में खाद्य असुरक्षित लोगों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हुई।

### विश्व स्तर पर भारत देश की स्थिति

वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 में भारत देश 109 देशों में 66 वें स्थान पर है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2021 में, भारत 116 देशों में से 101वें स्थान पर है, 27.5 के स्कोर के साथ भारत देश में भूख का स्तर गंभीर है, इस रैंकिंग में पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल ने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2021 अनुसार, भारत देश 195 देशों में से 66 वें स्थान पर है। वैश्विक खाद्य सुरक्षा जीएफएस इंडेक्स 2021 में भारत 113 देशों में साथ 71 वें स्थान पर रहा। वैश्विक युवा विकास सूचकांक 2020 अनुसार, 181 देशों में भारत 122वें स्थान पर है। आर्थिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विश्वव्यापी रैंकिंग मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2021 भारत 119 स्थान पर है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक का 20 वां संस्करण रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा प्रकाशित रैंकिंग अनुसार, 180 देशों में भारत 150 वें स्थान पर है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स रिपोर्ट 2022 में भारत कुल 146 देशों में 135 वें स्थान पर है। विश्व बैंक ने 2020 के लिए मानव पूंजी सूचकांक (एचसीआई) रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत 180 देशों में से 116 वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) 2021 में कुल 191 देशों में से एक रैंक फिसलकर 132 पर आ गया है। आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2020 में भारत 105 वें स्थान पर है। भारत देश का पहला संस्थान जिसने विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2021-22 में जगह बनायी वह भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद विश्व स्तर पर 415 स्थान पर है। नीति आयोग के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या गरीब है। भारत की कुल जनसंख्या का हर चौथा व्यक्ति गरीबी में है। भारत दुनिया भर के 117 देशों में पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। 2021 में मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 12 शहर भारत में थे। दुनिया में वही देश विकसित हुए जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार को बढ़ावा दिया है और बेहतर जीवन और गरीबी उन्मूलन के लिए यही बाते सबसे जरुरी है।

# जिंदगी में दूसरा मौका तो सबको मिलना चाहिए

हेक्टर ग्वाडालुपे, जिम प्रशिक्षक

विकासशील देशों में जीने वाले हम जैसे लोगों के मन में अमेरिका की छवि एक 'यूटोपिया' की तरह गढ़ी गई है, हकीकत में वहां भी वे सारी कमियां और खामियां हैं, जिनसे तीसरी दुनिया के मुल्क और उनके बाशिंदे जूझते हैं। वहां भी गुरबत है, नफरत है, आशंकाएं हैं और तरह-तरह के गुनाह भी, मगर अमेरिका का लोकतंत्र बहुत मजबूत है, उसका तंत्र ईमानदारी से काम करता है और इसीलिए उसके अवाम के पास बेशुमार मौके हैं व ठोस उम्मीद भी। हेक्टर ग्वाडालुपे इसी पुरउम्मीद अमेरिका की नुमाइंदगी करते हैं।

अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के ब्रूकलिन में आज से 43 साल पहले हेक्टर पैदा हुए। जिस बस्ती में उनका जन्म हुआ, वह आज अपनी तरक्की और खुशहाली पर भले इतराए, मगर उन दिनों काफी कुख्यात हुआ करती थी। जरायम-पेशा लोगों की इस बस्ती के बच्चों की मुलाकात किताबों और अक्षरों से पहले कोकीन व दूसरे नशीले पदार्थों से हो जाया करती थी। ऐसे लोगों की सोहबत में पले-बढ़े हेक्टर ने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा, तो स्वाभाविक ही अच्छे-बुरे की तमीज से भी दूरी बनी रही। महज 12 साल की उम्र में माता-पिता, दोनों की मौत ने उन्हें सड़क पर ला दिया था। रातें तो इस या उस फुटपाथ पर कट जातीं, मगर भूख से निपटना मुश्किल हो जाता था। अब हर रोज कहां कोई मेहरबान मिल पाता है! गुनाह की दुनिया ऐसे लोगों की तलाश में होती है। महज 13 की उम्र में एक तस्कर गैंग ने हेक्टर के हाथों में कोकीन के पैकेट और उनके ग्राहकों के पते थमा दिए थे। जीने के लिए यह रास्ता ही तब उन्हें आसान दिखा। उसके बाद जिंदगी से बुनियादी जरूरतों का अभाव तो मिट गया, मगर कानूनी इदारों में एक अपराधी की फाइल भी खुल गई थी। हेक्टर वर्षों तक बचते-छिपते हुए 'ईस्ट कोस्ट' इलाके में ड्रग्स की आपूर्ति करते रहे, मगर कब तक पुलिस को चकमा दे पाते? आखिरकार एक दिन पकड़े गए। उन्हें 10 वर्ष की कैद मिली। तब उनकी उम्र 23 साल थी।

कारावास में रहते हुए करीब चार साल बीत गए थे। हेक्टर को अब यह सवाल परेशान करने लगा था कि क्या आगे भी जीने के लिए मेरे पास यही एक रास्ता है, जिस पर मैं चल पड़ा था? दिमाग और दिल, दोनों के इस मिलन ने एक नए हेक्टर को गढ़ना शुरू कर दिया। एक कैदी साथी ने उन्हें ध्यान करना सिखाया। हेक्टर दिन में तीन-तीन घंटे तक योग और व्यायाम करने लगे। करीब 90 पौंड वजन उन्होंने कम कर लिया। भारी वजन उठाते और मीलों की दौड़ लगाते देख जेल अधिकारियों ने हेक्टर को बाकायदा



प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इन अधिकारियों ने हेक्टर के अंदर के मासूम इंसान को देख लिया था।

हेक्टर को जीने की नई राह मिल गई थी। यह रास्ता न सिर्फ उन्हें शारीरिक रूप से आकर्षक व सेहतमंद बनाने वाला था, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करने वाला था। फिर उन्हें इस काम में भरपूर आनंद आने लगा था। जेल के भीतर से ही हेक्टर ने पत्राचार के जरिये 'अधिकृत निजी प्रशिक्षक' से संबंधित पाठ्यक्रम में दाखिला लिया। सर्टिफिकेट मिलने के बाद उन्होंने साथी कैदियों को शारीरिक प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया, बल्कि जेल के बाहर के अपने दोस्तों को भी वह गाइड करने लगे।

साल 2012 में हेक्टर जब कैद से बाहर आए, तब उनके पास एक ऐसा हुनर था, जो उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने में सक्षम बना सके। शारीरिक सौष्ठव के साथ-साथ उनके पास तमाम सर्टिफिकेट थे। हेक्टर काम करने को लेकर बहुत उत्साहित थे। उन्हें लगा था कि जेल से बाहर आते ही उनको फौरन नौकरी मिल जाएगी, लेकिन बाहर की दुनिया में उनकी परीक्षा अभी शेष थी। जेल के भीतर हासिल तमाम काबिलियत पर कैदी होने की बात भारी पड़ जा रही थी। कैद से बाहर आए आठ महीने बीत गए थे। कोई भी न्यूयॉर्क में उन्हें दूसरे इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाता था। यह बात उन्हें चुभती थी, मगर हेक्टर अब एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले युवा थे। उन्होंने हताशा को अपने पास फटकने नहीं दिया और प्रयास जारी रखा। एक फिटनेस क्लब की मैनेजर ने आखिरकार उन्हें मौका दिया। यह मैनहट्टन के यूनियन स्क्वॉयर स्थित 'न्यूयॉर्क स्पोर्ट्स क्लब' था। अगले चार साल तक हेक्टर बिना नागा सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक नौकरी करते रहे। कई बार तो छुट्टी के दिनों में भी उन्होंने काम किया। मगर एक बात उन्हें हमेशा चुभा करती थी कि आखिर सजा काटकर बाहर आए लोगों को समाज खुले दिल से क्यों नहीं अपनाता? हेक्टर को लगता है कि हर किसी को जिंदगी में दूसरा मौका मिलना चाहिए। अपने जैसे पूर्व कैदियों की मदद के लिए उन्होंने साल 2016 में एक अलाभकारी संस्था 'अ सेकेंड यू फाउंडेशन' की शुरुआत की। यह संगठन जेलों से बाहर निकले पुरुष स्त्रियों को अलग-थलग नहीं पड़ने देता और निजी प्रशिक्षक के तौर पर प्रशिक्षित करके फिटनेस उद्योग में अपना करियर बनाने में उनकी मदद करता है।

हेक्टर और उनके वॉलंटीयर हर तिमाही 10 से 15 ऐसे विद्यार्थियों को आठ हफ्ते का मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं, ताकि वे राष्ट्रीय प्रमाणपत्र परीक्षा पास कर सकें। उनका संगठन इन पूर्व कैदियों को 1,300 डॉलर का वजीफा भी देते हैं। अब तक 200 से अधिक लोग इस संस्था के जरिये समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से सिर्फ दो ने फिर से किसी अपराध को अंजाम दिया। जब कोविड महामारी अपने चरम पर थी, तब हेक्टर ने न्यूयॉर्क के हजारों लोगों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया और उन्हें महामारी के दौरान खुद को शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए प्रेरित किया। हेक्टर ग्वाडालुपे को प्रतिष्ठित मीडिया हाउस सीएनएन ने पिछले वर्ष 'हीरो ऑफद ईयर' के लिए नामांकित किया था।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239






















# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़







## छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही है - मंत्री भेंडिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद ।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज डौंडी विकासखंड के ग्राम कुआगोदी, लिमउडीह और सुरडोंगर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन कर विकास कार्यों की सौगात दी है। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्राम कुआगोदी में सामुदायिक भवन और हायर सेकेंडरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु भूमिपूजन, ग्राम लिमउडीह में शासकीय प्राथमिक शाला में चारदीवारी निर्माण, प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बोरखनन एवं मोटर पम्प स्थापना और रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा ग्राम सुरडोंगर में पानी टंकी निर्माण व पशु आश्रय निर्माण का भूमिपूजन तथा पशु औषधालय के नवीन भवन व स्कूल में पुस्तकालय, प्रयोग शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए बधाई भी दी।

मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री



भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही है, सभी ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का कार्य कर रही है, जिसके लिए नई पहल करते हुए ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना की जा रही है, जो ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का नया अवसर प्रदान करेगा। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में कार्य किया जा रहा है इसी के चलते मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि दीपावली से पहले 17 अक्टूबर को किसानों के खाते में डालने का निर्णय लिया है, जिससे हमारे किसान भाई दीपावली का त्यौहार बहुत अच्छे से मना सकें।

मंत्री श्रीमती भेंडिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 65 लघु वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर सोसायटी के माध्यम से की जा रही है। जिससे हमारे वन क्षेत्र के निवासियों को बेहतर आय प्राप्त हो रहा है, इससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उन्होंने ग्रामीणों को कोदो-कुटकी, मूंग, उड़द, अरहर जैसे फसल लेने प्रोत्साहित किया। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने उपस्थित ग्रामीणों को दीपावली, तुलसी पूजा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौंडी की अध्यक्ष श्रीमती बसंती दुग्गा, उपाध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन, गणमान्य नागरिक पीयूष सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## 26 नदियों के तट पर लगाए गए 15 लाख से अधिक पौधे

### हरीतिमा से आच्छादित और फल-फूल के पौधों से सुरभित होंगे नदी तट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चालू वर्षा ऋतु 2022 के दौरान 'नदी तट वृक्षारोपण' कार्यक्रम के तहत 26 विभिन्न नदियों के तट पर लगभग 15 लाख 41 हजार पौधों का रोपण किया गया है। इसके रोपण से नदी तट के 01 हजार 400 हेक्टेयर रकबा हरीतिमा से आच्छादित और फल-फूल के पौधों से सुरभित होंगे, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा नदी तट रोपण का कार्य किया गया। इनका रोपण कैम्पा तथा विभागीय मद सहित नदी तट वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत किया गया है। नदी तट रोपण कार्यक्रम के तहत चालू वर्ष के दौरान शामिल नदियों में शिवनाथ, फुलकदेई, केंदई, लीलागर नदी, महानदी, हसदेव, आगर, रेड नदी, मेघानाला, झींका नदी, मोरन, सोंढूर, बांकी नदी, गलफुला, हसदो नदी, नेउर नदी, केवई, खटम्बर, भैसुन, चूंदी, भवई नदी, बनास नदी, रांपा नदी तथा भुलू नदी आदि शामिल हैं।

### 2022 के दौरान 'नदी तट वृक्षारोपण' कार्यक्रम

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री संजय शुक्ला ने बताया कि इनमें से बिलासपुर वृत्त अंतर्गत बिलासपुर, मरवाही, कोरबा, धरमजयगढ़ तथा जांजगीर-चांपा वन मंडल स्थित 8 नदियों के 263 हेक्टेयर रकबा में 2 लाख 89 हजार पौधों का रोपण किया गया है।

इसी तरह कांकेर वृत्त अंतर्गत 4 नदियों के 19 हेक्टेयर रकबा में 20 हजार 595 पौधे तथा रायपुर वृत्त अंतर्गत 2 नदियों के 29 हेक्टेयर रकबा में 31 हजार 900 पौधों का रोपण किया गया है। इसके अलावा सरगुजा वृत्त अंतर्गत सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया तथा मनेन्द्रगढ़ वन मंडल स्थित 12 नदियों के 1 हजार 76 हेक्टेयर रकबा में 11 लाख 84 हजार पौधों का रोपण किया गया है।

## खास खबर

### मासिक लक्ष्य के साथ हो रहा जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशानुसार राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में पूरा करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में बस्तर कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने आज जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामवार प्रगति की समीक्षा की और मिशन के कार्यों में गति लाने पर जोर देते हुए इसके क्रियान्वयन के लिए मासिक लक्ष्य तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के 614 गांवों में टंकी स्थापित कर नल के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसके लिए मुख्य कार्य टंकी निर्माण, पाईप लाईन विस्तार और घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लिए मासिक कार्ययोजना में प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित हो। बैठक के दौरान योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें, जिससे लक्ष्य को निर्धारित समयावधि से पूर्व प्राप्त किया जा सके। उन्होंने पूर्ण कार्यों की ऑनलाइन एंट्री में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाईप लाईन विस्तार तथा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने के दौरान गांवों में स्थित आंगनबाड़ी, विद्यालय आदि शासकीय संस्थानों में भी नल कनेक्शन प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की मांग पर विकास कार्यों की स्वीकृति दी

## छत्तीसगढ़ में बदलाव की बयारः अंदरुनी इलाकों में मोटरसाइकिल से पहुंच रहे कलेक्टर-एसपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बदलाव की बयार चल पड़ी है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुदूर व अंदरुनी इलाकों तक भी प्रशासन पहुंच बढ़ रही है। आमजन की समस्या को जानने और उनके निराकरण के लिए अब हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज कोण्डागांव जिला के कलेक्टर श्री दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल मोटरसाइकिल के माध्यम से जिले के सीमावर्ती गांव कुधुर व गुमियापाल पहुंचे।



यहां जिला कलेक्टर व एसपी ने आमजनों की समस्या सुनी तो उनकी मांग और आवश्यकताओं के अनुरूप विकासकार्यों की स्वीकृति भी दी। गौरतलब है कि कुधुर जिले के सीमावर्ती गांव होने के साथ ही धुर नक्सल प्रभावित इलाका भी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शासन-प्रशासन तक आमजनों की पहुंच बढ़ाने के लिए अनेक कवायद किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी संपर्क-संवाद-समाधान के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान चला रहे हैं। प्रशासनिक अमले को भी जनता तक पहुंचकर उनके हित में कार्य करने के निर्देश हैं। ऐसे में आज कोण्डागांव कलेक्टर श्री दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर जिले के सीमावर्ती धुर नक्सली प्रभावित क्षेत्र कुधुर पहुंचकर कुधुर-तुमड़ीवाल मार्ग पर भंवरडीह नदी में पुल निर्माण स्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही कुधुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम गुमियापाल में इंद्रावती नदी और भंवरडीह नदी के संगम स्थल का जायजा लिया। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर और एसपी ने कुधुर में ग्रामीणों से रू-ब-रू होकर खेती-किसानी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की सहायता राशि का भुगतान, बच्चों की पढ़ाई, आंगनबाड़ी केन्द्र में माताओं एवं बच्चों को पोषण आहार की सुलभता समेत अन्य समस्याओं पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बस्तर अंचल के 3 ज़िलों बस्तर, नारायणपुर एवं कोण्डागांव की सीमाओं में अवस्थित जिले के ग्राम पंचायतों तुमडीवाल एवं कुधुर क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण के जरिये विकास कार्यों को सुनिश्चित करने ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर श्री सोनी ने तुमडीवाल में पेयजल व्यवस्था के लिए 5 हैण्डपम्प स्थापित करने, कुधुर-धर्माबेडा मार्ग पर 6 पुलिया निर्माण के लिए 36 लाख रुपये की स्वीकृति तथा कुधुर में वन-धन केन्द्र की स्वीकृति एवं चिरौंजी प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना की स्वीकृति दी। इसके साथ ही तुमडीवाल एवं कुधुर ग्राम पंचायतों में मनरेगा से भूमि समतलीकरण, डबरी एवं तालाब, मिट्टीकृत सड़क निर्माण इत्यादि रोजगारपरक कार्य शुरू करने कहा। कलेक्टर श्री सोनी ने मनरेगा की मजदूरी भुगतान के लिए मर्दापाल ग्रामीण बैंक में हर सप्ताह एक दिन निर्धारित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं योग्य युवक को व्हीएलई नियुक्त करने कहा। इससे इस इलाके में ग्रामीणों को घर पहुंच मजदूरी भुगतान, पेंशन सहित अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने ग्रामीणों एवं युवाओं से क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा करते हुए कहा कि सड़क-पुल निर्माण होने से शिक्षा-स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की सुलभता सहित अन्य विकास के कार्यों को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं युवाओं को सड़क-पुल निर्माण एवं अन्य विकास गतिविधियों में व्यापक सहभागिता निभाने की समझाईश देते हुए तुमडीवाल एवं कुधुर ग्राम पंचायतों के निर्धन युवाओं की समिति बनाकर उन्हें किराना दुकान, कपड़े की दुकान, हार्डवेयर सामग्री की आपूर्ति कार्य, कृषि यंत्र, वनोपज प्रसंस्करण करने सहायता प्रदान किये जाने कहा।

## धान खरीदी के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं - कुलदीप शर्मा

### समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर शर्मा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान की बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों की समुचित साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, शेड एवं बारदाना की उपलब्धता के साथ-साथ विद्युत एवं इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में आर्द्रता मापी यंत्र, काटा-बाट, किसानों की बैठक व्यवस्था, कैप कव्हर सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान की बिक्री के लिए किसान पंजीयन के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जिले में बारदानों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी की सतत मानिटरिंग हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर तैयारियों को जायजा लेने तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध धान की खरीदी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित खाद्य, सहाकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### डीजे, कलेक्टर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं एडिशनल एसपी हुए कार्यक्रम में शामिल

## यूटीआरसी कमेटी की जेल समीक्षा एवं विधि जागरूकता शिविर संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद ।** अंडर ट्रायल रीव्यू कमेटी अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचौरी तथा अंडर ट्रायल रीव्यू कमेटी के सदस्य कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्यामबती मरावी, एडिशनल एसपी हरीश राठौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन सिंह आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल बालोद में प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जाने वाली यूटीआरसी कमेटी की जेल समीक्षा एवं विधिक जागरूकता शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर यूटीआरसी कमेटी की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा पचौरी ने कैदियों को बंदीगृह में रहते हुए अपनी बूरी आदतों का त्याग करने को कहा। उन्होंने कहा कि बंदीगृह



एक सुधार गृह होता है। इसलिए जेल से रिहा होने के बाद कोई भी बंदी दुबारा ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे उन्हें दोबारा जेल आना पड़े। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने जेल बंदियों को बुरी आदतों का त्यागकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की समझाईश दी। इस अवसर पर उन्होंने जेल बंदियों को उनके समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं अधिकारियों ने जिला जेल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर यूटीआरसी कमेटी ने कैदियों से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के स्टैण्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में दिए दिशा निर्देश के अनुसार जिला जेल की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने जेल के प्रत्येक बैरकों का निरीक्षण कर कैदियों की समस्या को सुना और उनके समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## दीपका में पथ संचलन 19 को

**कोरबा।** हिंदू समाज के विजयादशमी उत्सव के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दीपका गेवरा के स्वयं सेवकों का विराट पथसंचलन का कार्यक्रम 19 अकटुबर को रखा गया है। दोपहर 2 बजे स्वस्यमसेवकों को एकत्रीकरण समलाई मंदिर, दीपका बस्ती में उपस्थित होने को कहा गया है । मंचीय कार्यक्रम श्रमवीर खेल मैदान, प्रगतिनगर, दीपका में होंगे। इससे पूर्व समलाई मंदिर दीपका .दीपका बजरंग चौक.पाली रोड दीपका प्रवेशद्वार.पुनर्वास बसाहट मार्ग.रेलवे फाटक नगरपालिका मार्ग.सेंट थॉमस स्कूल .प्रगतिननगर कॉलोनी होते हुए संचलन निकाला जाएगा। श्रमवीर खेल मैदान प्रगतिनगर दीपका में पथ संचलन का विश्राम होगा।







## खास खबर

### मासिक लक्ष्य के साथ हो रहा जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशानुसार राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में पूरा करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामवार प्रगति की समीक्षा की और मिशन के कार्यों में गति लाने पर जोर देते हुए इसके क्रियान्वयन के लिए मासिक लक्ष्य तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के 614 गांवों में टंकी स्थापित कर नल के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसके लिए मुख्य कार्य टंकी निर्माण, पाईप लाईन विस्तार और घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लिए मासिक कार्ययोजना में प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित हो।

बैठक के दौरान योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें, जिससे लक्ष्य को निर्धारित समयावधि से पूर्व प्राप्त किया जा सके। उन्होंने पूर्ण कार्यों की ऑनलाइन एंट्री में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाईप लाईन विस्तार तथा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने के दौरान गांवों में स्थित आंगनबाड़ी, विद्यालय आदि शासकीय संस्थानों में भी नल कनेक्शन प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1301.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1301.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 14 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2441.8 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 627.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 1060.6 मिमी, बलरामपुर में 1100.8 मिमी, जशपुर में 1116.4 मिमी, कोरिया में 917.2 मिमी, रायपुर में 956.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1197.8 मिमी, गरियाबंद में 1297.3 मिमी, महासमुंद में 1178.7 मिमी, धमतरी में 1356.4 मिमी, बिलासपुर में 1490.1 मिमी, मुंगेली में 1350.1 मिमी, रायगढ़ में 1244.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1398.9 मिमी, कोरबा में 1259.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1114.4 मिमी, दुर्ग में 1031.4 मिमी, कबीरधाम में 1179.5 मिमी, राजनांदगांव में 1261.3 मिमी, बालोद में 1333.6 मिमी, बेमेतरा में 741.8 मिमी, बस्तर में 1868.3 मिमी, कोण्डागांव में 1315.6 मिमी, कांकेर में 1598.5 मिमी, नारायणपुर में 1521.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 1849.1 मिमी और सुकमा में 1623.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### मतदाता जागरुकता के लिए दिए जाएंगे राष्ट्रीय मीडिया अवॉर्ड

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मीडिया अवॉर्ड से सम्मानित करता है। इस बार भी भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मीडिया अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। इसके लिए मीडिया संस्थानों से 30 नवम्बर 2022 तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। अवॉर्ड के लिए इच्छुक मीडिया संस्थान अपना नामांकन सीधे 'भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड नई दिल्ली 110001' के पते पर निर्धारित समयावधि में प्रेषित कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट) सोशल मीडिया के तौर पर रखा गया है।

# किसान हितैषी नीति और फैसलों से किसान हो रहे हैं समृद्धः मंत्री डहरिया

## आरंग क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 1.24 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

### जन सरोकार के कार्यों के लिए धन की कमी नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य के किसानों के फायदा के लिए सभी काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है और हम सभी किसानों पर निर्भर है। किसान हितैषी नीति और फैसलों से प्रदेश के किसान समृद्ध हो रहे हैं।



मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि किसानों के हितों के लिए किसानों के कर्ज माफ किए गए हैं, सिंचाई कर माफ किए गए हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को आदान सहायता के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में राशि अंतरित की जा रही है। किसानों के परिवारों की जरूरतों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहारों के पहले किसानों के खाते में राशि डाली जा रही है। इसी तरह से युवाओं महिलाओं सहित कमजोर वर्ग के लोगों को अनेक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जा रहे हैं। डॉ. डहरिया रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. डहरिया ने आरंग के ग्राम सेमरिया, पचेड़ा बरभाठा और रसनी में करीब एक करोड़ 24 लाख के ज्यादा के विकास कार्यों की सौगात दी।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा कि गांवों में राजीव गांधी युवा मितान क्लब गठित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि मितान क्लबों में महिला सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है। डॉ. डहरिया ने युवा मितान क्लब के सदस्यों से कहा है कि वे अपने गांवों के कार्यों को गांव वालों से पर्याप्त बातचीत कर प्राथमिकता से करवाएं। उन्होंने कहा कि सदस्य अपने गांव के लोगों को शासन की योजनाओं का फायदा दिलाने में सहयोग करें। गांव-गांव में लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दें। नगरीय प्रशासन मंत्री अपने जनसम्पर्क भ्रमण के दौरान मितान क्लब स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग के ग्राम सेमरिया में अम्बेडकर चौक में साढ़े छह लाख रुपए की लागत की सामुदायिक भवन, सुमित पार्क के पास सामुदायिक भवन लागत 6 लाख 50 हजार रुपए, यादव मोहल्ला में सामुदायिक भवन लागत 5 लाख रुपए, मेहरपारा में सामुदायिक भवन लागत 3 लाख रुपए और डॉ. विक्रम के घर के पास रंग मंच लागत दो लाख का लोकार्पण किया। इसी तरह से 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कबीरपंथी साहू समाज के छात्रावास भवन का भूमिपूजन किया। डॉ. डहरिया ने ग्राम पचेड़ा में 16 लाख 64 हजार रुपए लागत के नवीन प्राथमिक शाला भवन, सतनामी पारा में 6 लाख 50 हजार रुपए की सामुदायिक भवन और 3 लाख रुपए लागत के रंगमंच का लोकार्पण किया। इसी तरह से ग्राम बरभाठा में 14 लाख 50 हजार रुपए के नवीन पंचायत भवन और 40 लाख रुपए लागत के आदर्श ग्राम योजना के कार्यो का लोकार्पण किया। डॉ. डहरिया ने ग्राम रसनी में सामुदायिक भवन निमार्ण कार्य लागत 6 लाख रुपए साहूपारा में 5 लाख के सामुदायिक भवन, शीतला महामाया भवन लागत, 2 लाख 50 हजार के जीर्णोद्धार कार्य और 1 लाख 80 हजार रुपए की लागत से पानी की टंकी में पंप का लोकार्पण किया। डॉ.डहरिया ने अपने आरंग क्षेत्र के सघन जन संपर्क भ्रमण के दौरान रंग मंच, सामुदायिक भवन, सी.सी रोड़ सहित और अन्य कार्य लोगो की मांग पर कराने की सहमति भी प्रदान की। इस अवसर आरंग जनपद पंचायत के अध्यक्ष खिलेश देंवागन, जिला पंचायत सदस्य रायपुर नेहा दिपेन्द्र वर्मा, कोमल साहू, द्वारका साहू, मोहन साहू, दिनेश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि राजीव मितान क्लब के सदस्य, छात्र-छात्रायें और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### 20वीं राज्य प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा 18 से 21 अक्टूबर तक 20वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2022 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें 18 अक्टूबर को टीम वर्ग (सीनियर/जुनियर-19/जुनियर-17/ सब जुनियर-15/ कैडेट-13/होप्स-11 बालक एवं बालिका), जुनियर एकल वर्ग (बालक/बालिका), 19 अक्टूबर को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं होप्स एकल वर्ग (बालक/बालिका), 20 अक्टूबर को जुनियर (एवं सब जुनियर एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा 21 अक्टूबर को जुनियर एवं कैडेट एकल वर्ग (बालक/बालिका) की प्रतियोगिता होगी। इस सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के चेयरमेन कुलदीप जुनेजा द्वारा रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम (बालक एवं बालिका) की घोषणा की गयी एवं खिलाड़ियों को टीशर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला ने किया तथा तथा विशेष अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ शुक्ला एवं हीरा ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी पंकज शुक्ला थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ एवं राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े, रितेश मल्होत्रा, नवीन राठौड़ उपस्थित थे।

## कृषि प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षणः ड्रोन से खाद तथा दवाईयों के छिड़काव की तकनीक

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय ''एग्री कार्नीवाल 2022 अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई'' के दौरान 14 से 17 अक्टूबर, 2022 तक फार्मटेक एशिया अन्तर्राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आधुनिक कृषि की नवीनतम प्राद्यौगिकी, नवाचारों एवं कृषकोपयोगी उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण ड्रोन तकनीक से घुलनशील खाद, कीटनाशक एवं फफूंदनाशक छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन है जिसकी कृषकों द्वारा बहुत सराहना की जा रही है। कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक सम्मेलन में किसान पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रति दिन लगभग 500 से अधिक किसानों की समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा है तथा पाठशाला के दौरान कृषकों को कृषि की आधुनिक प्रौद्योगिकी, तकनीकों, कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, खाद, उर्वरक, कृषि से संबंधित अन्य विषयों का एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि लगभग 15 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में आयोजित इस प्रदर्शनी में देश भर की 130 से अधिक कृषि उत्पाद एवं कृषि यंत्र निर्मित करने वाली कम्पनियों के स्टॉल लगाए गये हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के किसान भाई खेती किसानी की आधुनिकतम तकनीकों एवं उत्पादों से रूबरू हो रह हैं। प्रदर्शनी में कृषि वैज्ञानिक, कृषि सलाहकार तथा व्यापारी वर्ग भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान किसानों एवं आम जनता को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य विभागों से संबंधित कृषक कल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जा रही है।

## बृजमोहन ने किया कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के राज्य स्तरीय ट्रेड फेयर का उद्घाटन

**रायपुर (ए)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रेड फेयर का उद्घाटन शनिवार को विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अरूण शुक्ल एवं सचिव सुरेश मिश्रा ने बताया किया कि इस आयोजन में लगभग 80 विभिन्न किस्मों के जिसमें इलेक्ट्रानिक्स, मिल मशीनरी, बिल्डिंग मटेरियल, फर्नीचर, प्रापर्टी, टाईल्स एवं सेनेटरी चश्मा, फैंसी कपड़े ज्वेलरी, होम एप्लाइंस, सौंदर्य प्रसाधन, बीमा, कम्प्यूटर्स, पैथोलॉजी आदि के स्टाल लगाये गये हैं। यह ट्रेड फेयर रविवार को भी दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में ट्रेड फेयर का अवलोकन करने अमर परवानी अध्यक्ष छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स, गिरीश दुबे, अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, प्रमोद दुबे सभापति-रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर, विजय तिवारी अध्यक्ष-छ.ग. ब्राह्मण समाज रायपुर, कमलेश शर्मा, छ.ग. ब्राह्मण समाज रायपुर, श्रीचन्द्र प्रकाश व्यास एवं विजय लक्ष्मी अध्यक्ष-पुष्टिकर समाज रायपुर, राजेश अग्रवाल समाजसेवी एवं जीके टीएमटी के चेयरमेन, कांग्रेस के अविनय दुबे पहुंचे।

ट्रेड फेयर में विभिन्न किस्म कि वस्तुओं से सुसज्जित इस भव्य मेले में समाज के साथ-साथ शहरवासी भी पहुंचे। ट्रेड फेयर के रूप में समाज का यह पहला प्रयास काफी उत्साहवर्धक रहा। सभी व्यापारी बंधुओं एवं विशेष रूप से महिला व्यापारी व विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करती उद्यमियों का सहयोग ट्रेड फेयर की सफलता का कारण रहा।

# अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई 'एग्री कार्नीवाल 2022' : उद्योग और नये स्टार्टअप के लिए युवा पीढ़ी को राज्य सरकार हर संभव मदद के लिए तैयारः कवासी लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। राज्य की उद्योग नीति में कृषि और वनोपज से जुड़े उद्योगों को प्राथमिकता दी गई है। खाद्य एवं वनोपज प्रसंस्करण के उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसके लिए उद्यमियों को भरपूर मदद दी जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल का मानना है कि राज्य के युवा उद्यमिता से जुड़ेंगे तो वे अन्य लोगों को भी रोजगार देंगे, इससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह विचार रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि सभागार में नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता पर आयोजित कार्यशाला में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कवासी लखमा ने व्यक्त किये।



उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कवासी लखमा ने युवाओं से भी उद्योग के क्षेत्र में आने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनकी पूरी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में वनवासियों के जमीन और उनके वनाधिकारों को संरक्षित रखते हुए शासकीय जमीन पर उद्योग शुरू करने की पहल सरकार ने की है। राज्य सरकार ने उद्यमियों और नवाचारों के अनुकूल उद्योग नीति लागू की है। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर और आईआईएम कोलकाता के साथ आईजी के.वी. राबी (इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर-एग्री बिजनेस इन्क्यूबेटर) ने एमओयू किया। इसके साथ ही अतिथियों द्वारा आईजी के.वी. के 3 प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखमा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज भंडार सहित वनोपज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके प्रसंस्करण के लिए राज्य सरकार ने लघु युनिट को बढ़ावा दे रही है। राज्य के प्रोत्साहन से आज बस्तर भी बदल रहा है। दंतेवाड़ा के डेनेक्स में तैयार कपड़े बम्बई और बैंगलोर में बेचे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बस्तर और सरगुजा में युवाओं को स्टार्टअप के मार्गदर्शन के लिए शिविर लगाने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को आधुनिकतम उन्नत तकनीक और कृषि उद्योग की जानकारी मिल सके। इस दिशा में समाज और छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का काम कृषि वैज्ञानिक कर सकते हैं।

कार्यशाला में युवा उद्यमियों द्वारा अपने स्टार्टअप के सफलता की कहानी भी साझा की। उन्होंने नये स्टार्टअप शुरू करने के संबंध में युवाओं और किसानों को मार्गदर्शन भी दिया। कार्यशाला में स्टार्टअप एवं निवेशकों के मध्य सेतु का कार्य, स्टार्टअप को बैंक एवं अन्य संसाधनों से ऋण एवं निवेश उपलब्ध कराने सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, लगभग 400 युवा उद्यमी तथा कृषि से जुड़े युवा प्रगतिशील कृषक, कृषि वैज्ञानिक, नाबार्ड की अधिकारी और विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर में अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई ''एग्री कार्नीवाल 2022'' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन भी कृषि प्रदर्शनी के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थानों के निदेशकों, कृषि वैज्ञानिकों विभिन्न कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टार्टअप्स उद्यमियों एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है रामबुतान

रामबुतान एक तरह का फल है, जो अंदर से एकदम लीची की तरह दिखता है। इसे वैज्ञानिक रूप से नेफेलियम लैपेसियम के नाम से जाना जाता है। स्वाद में खट्टा-मीठा यह फल कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है और स्वास्थ्य को विभिन्न रूप से फायदा पहुंचाने में मददगार है। आइए आज हम आपको कई अध्ययन और शोध पर आधारित रामबुतान के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।



### हृदय के लिए है लाभदायक

एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि रामबुतान में पोटेशियम समेत फाइबर की भरपूर मात्रा मौजूद होती है, जो कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त, यह हृदय की मांसपेशियों की गतिविधि को भी बढ़ावा देकर खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाता है। इस फल के रोजाना सेवन से स्ट्रोक और दिल के दौरे का खतरा कम होता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूत

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में रामबुतान का सेवन सक्षम है।

एक शोध के मुताबिक, रामबुतान में विटामिन-सी की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करती है। यह फल व्हाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को भी बढ़ाता है, जो शरीर को वायरस और जीवाणु संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

### वजन संतुलित रखने में है सहायक

रामबुतान का सेवन वजन को संतुलित रखने में भी सहायक है। रिसर्चगेट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, रामबुतान में मौजूद उच्च फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और इससे अधिक खाने की संभावना कम होती है। इतना ही नहीं, इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है, लेकिन वजन नियंत्रित रखने के लिए केवल रामबुतान पर निर्भर न रहें और संतुलित डाइट समेत रोजाना एक्सरसाइज करें।

### बालों को देता है मजबूती

रामबुतान में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपके बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं और रूसी समेत अन्य बालों संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें मौजूद कॉपर बालों के झड़ने का इलाज करता है। यह फल समय से पहले सफेद होने से भी रोकता है। रामबुतान में विटामिन-ष्ट और प्रोटीन की उच्च मात्रा आपके बालों को पोषित करती है।

### स्वस्थ पाचन को देता है बढ़ावा

रामबुतान में मौजूद फाइबर पाचन के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और अपच समेत पेट की अन्य समस्याओं के जोखिम कम करता है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर आंतों के पैरासाइट को मारने में मदद करते हैं। इस फल में अघुलनशील फाइबर होता है जो पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में भी मदद करता है और आंत की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद करता है।



## हुमा ने 'डबल एक्सएल', 'मोनिका, ओ माई डार्लिंग' के साथ सौंदर्य मानकों को तोड़ा

अभिनेत्री हुमा कुरैशी, जिनकी आगामी दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं-'डबल एक्सएल' और स्ट्रीमिंग फिल्म 'मोनिका, ओ माई डार्लिंग', ने दोनों में अपने काम से सौंदर्य मानकों की धारणा को तोड़ने का फैसला किया है। साथ ही उनकी फिल्में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां 'डबल एक्स्ट्रा लार्ज' में अभिनेत्री को एक ऐसी लड़की के दिमाग में आने की जरूरत थी, जो अपने वजन के कारण भेदभाव और अस्वीकृति का सामना करती है, वहीं 'मोनिका, ओ माई डार्लिंग' के लिए आवश्यक है कि अभिनेत्री का चैनल ओम्फ भागफल हो। अभिनेत्री ने दोनों फिल्मों के लिए बैक-टू-बैक शूटिंग की और उन्हें एक दुविधा का भी सामना करना पड़ा।

'डबल एक्सएल' में अपने हिस्से के लिए, हुमा ने अतिरिक्त किलो वजन बढ़ाया था और शुरूआत में 'मोनिका, ओ माई डार्लिंग' के लिए वजन कम करने के लिए एक आहार और वकूआउट करने की योजना बनाई थी। अभिनेत्री का मानना है कि ऐसी दुनिया में जहां सुंदरता के मानक पितृसत्ता द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, आत्मविश्वास की कुंजी है। 'डबल एक्सएल' 4 नवंबर को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, इसके बाद 11 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर 'मोनिका, ओ माई डार्लिंग' रिलीज होगी।

## ओपन फ्रंट टॉप में केट शर्मा ने दिखाई अपनी क्लीवेज

बॉलीवुड अदाकारा और सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी हॉटनेस से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। उनकी कातिलाना अदाएं फैंस को काफी पसंद आती है। साथ ही एक्ट्रेस केट शर्मा बोल्डनेस में बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर के ओपन फ्रंट टॉप में तस्वीरें शेयर की हैं। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। ओपन फ्रंट आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। साथ ही अपनी हॉटनेस से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। दिलकश अंदाज और स्टाइलिश ड्रेस में एक्ट्रेस केट शर्मा अपना जबरदस्त फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। रूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आईं एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से हर किसी को दीवाना बना देती हैं। केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। उन्होंने अपनी तस्वीरों में अलग अलग पोज देकर अपनी फोटो को और अट्रैक्टिव बनाया है। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अक्टूबर 2018 में मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई पर मीटू के तहत गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि कुछ दिनों बाद केट ने ये केस वापस ले लिया। साथ ही मुंबई पुलिस ने केस को आगे न बढ़ाने की बात कही। केट शर्मा भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा खास नहीं कर पाईं हो लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 2.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। साथ ही फैंस के लिए अक्सर तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। केट शर्मा हर आउटफिट में अपना जलवा बिखेर ही देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस अपना जमकर प्यार बरसाते हैं।

# 400 करोड़ के बाद भी जारी है मणिरत्नम की पोन्नियन सेल्वन की कमाई, बनाए ये रिकॉर्ड

मणिरत्नम द्वारा निर्देशित फिल्म पोन्नियन सेल्वन 30 सितंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म दो भागों में दर्शकों के बीच आएगी। इसका पहला भाग तमिल, मलयालम, तेलुगु और कन्नड़ के अलावा हिंदी में रिलीज हुआ है। फिल्म कल्कि कृष्णमूर्ति के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर कीर्तिमान रचना शुरू कर दिया था। फिल्म दुनियाभर के बॉक्सऑफिस पर 400 करोड़ रुपये कमा चुकी है। नजर डालते हैं फिल्म के कुछ बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड्स पर।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म ने भारत में पहले दिन करीब 39 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं दुनियाभर में फिल्म ने 80 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था। तमिलनाडु बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले दिन करीब 22 करोड़ रुपये कमाए थे। यह मणिरत्नम के करीब बीस साल के करियर में पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहले दिन से अबतक फिल्म का शानदार प्रदर्शन बरकरार है।

अमेरीका में आमतौर पर तमिल से ज्यादा तेलुगु फिल्म पसंद की जाती हैं। रजनीकांत की कुछ फिल्मों को छोड़ दें तो अमेरीका में कोई भी तमिल फिल्म बाहुबली जैसा कमाल नहीं कर सकी। रजनीकांत की फिल्म कबाली ने अमेरीका में करीब 37 करोड़ 93 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। 2.0 ने करीब 42 करोड़ रुपये की कमाई की थी। पोन्नियन सेल्वन 1 ने इन दोनों फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए अमेरीका में अब तक करीब 49 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले फिल्म कमल हासन की फिल्म विक्रम ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाई थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में 430 करोड़ रुपये कमाए थे। पोन्नियन सेल्वन 1 की बात करें तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म देखने के लिए दर्शकों का आना अब भी लगा हुआ है। ऐसे में यह जल्द ही विक्रम की इस फिल्म को पीछे छोड़ सकती है।

फिल्म ने तमिलनाडु के बॉक्स ऑफिस पर तेजी से 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ था। राज्य के बॉक्स ऑफिस पर विक्रम ने करीब 183 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं पोन्नियन सेल्वन 1 ने विक्रम को पछाड़ते हुए 186 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। दर्शकों की भीड़ को देखते हुए सिनेमाघर मालिकों ने फिल्म को स्क्रीन पर जारी रखने का फैसला किया है। इसका असर दिवाली पर आने वाली फिल्मों पर पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन प्राइम ने पोन्नियन सेल्वन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों के स्ट्रीमिंग राइट्स हासिल कर लिए हैं। पोन्नियन सेल्वन 1 और पोन्नियन सेल्वन 2 के लिए अमेजन प्राइम ने 125 करोड़ रुपये की डील की है। ये फिल्में थिएट्रिकल रिलीज के बाद इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो सकती हैं। इसके अलावा सन टीवी को सैटेलाइट राइट्स भी भारी-भरकम कीमत पर बेचे गए हैं।

# सलमान खान की टाइगर 3 की रिलीज टली, अगले साल दिवाली पर आएगी फिल्म

**सलमान खान और कैटरीना कैफ टाइगर 3 के साथ एक बार फिर दर्शकों के बीच आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। मेकर्स ने घोषणा की है कि टाइगर 3 अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब फैंस को फिल्म देखने के लिए और इंताजर करना पड़ेगा। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है।**



यशराज फिल्म्स ने आज यानी शनिवार को ट्विटर पर फिल्म की नई रिलीज डेट घोषित की है। यशराज फिल्म्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, दिवाली 2023 में दहाड़ेंगे टाइगर! यशराज फिल्म्स के साथ केवल अपने नजदीकी सिनेमाघरों में टाइगर 3 का जश्न मनाएं। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। अब यह फिल्म ईद के मौके पर ना आकर, दिवाली के खास अवसर पर बड़े पर्दे पर आएगी।

फिल्म से सलमान का लुक शेयर किया गया है, जिसमें वह गंभीर मुद्रा में दिखे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी कैटरीना कैफ के साथ जमेगी। इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों में दोनों को दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। सलमान फिल्म में रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा। इन दोनों को 2019 में रिलीज हुई फिल्म भारत में भी एक साथ देखा गया था।

टाइगर 3 के निर्देशन की जिम्मेदारी मनीष शर्मा को दी गई है। आदित्य चोपड़ा और मशहूर लेखक श्रीराम राघवन ने इसकी पटकथा लिखी है। फिल्म की कहानी में दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग-अलग देशों की यात्रा करते हैं। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त में सलमान के साथ कैटरीना भी एक्शन सीन करने वाली हैं। अभिनेता इमरान हाशमी इस फिल्म में विलेन बने हैं।

टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था और इसे बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस के मामले में भी काफी सफलता मिली थी। इसकी फिल्म सीक्वल टाइगर जिंदा है 2017 में देशभर में रिलीज की गई थी। इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। उम्मीद है कि इसके तीसरे भाग को भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलेगी।

यशराज बैनर की फिल्म पठान अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों की मानें तो पठान में सलमान की टाइगर 3 के साथ एक क्रॉसओवर भी होने जा रहा है, जिसमें शाहरुख खान और सलमान दोनों एक-दूसरे की फिल्मों में कैमियो करेंगे।

टाइगर 3 के अलावा सलमान की एक फिल्म किसी का भाई किसी की जान की रिलीज टल सकती है।

# दिवाली पर अपने करीबियों को दें ये यूनिक गिफ्ट, हो जाएंगे खुश

दिवाली खुशियों का त्योहार है और इस खास मौके पर लोग अपने करीबियों से मिलकर उन्हें गिफ्ट देते हैं। ये रिवाज काफी समय पहले से चला आ रहा है। ऐसे में आप में से बहुत से लोगों के मन में ये ख्याल आ रहा होगा कि इस दिवाली अपने खास लोगों को ऐसा क्या गिफ्ट करें जो यूनिक हो। आज हम आपको ऐसे ही कुछ यूनिक गिफ्ट आइडिया देने वाले हैं, जिन्हें आप इस दिवाली अपनों को दे सकते हैं।



### घर सजाने का शौक रखने वालों के लिए गिफ्ट

आपके ऐसे करीबी लोग जिन्हें घर सजाने का शौक है, आप उन्हें दिवाली पर घरेलू सजावट वाली चीजें दे सकते हैं। इनमें खूबसूरत लैंप, खुशबू के लिए मोमबत्तियां, घर के कॉर्नर में रखने के लिए फूलदान और यूनिक डिजाइन वाले सोलर लालटेन आदि शामिल हैं। जिन्हें घर को रोशन करना पसंद है, उन्हें आप स्टार या अन्य आकार की स्ट्रिंग लाइट दे सकते हैं। इसके अलावा आप गार्डन या बालकनी में रखने और सजाने वाली चीजें भी दे सकते हैं।

### बच्चों के लिए क्रिएटिव गिफ्ट

अगर आपको अपने रिश्तेदारों के बच्चों को कुछ गिफ्ट करना है तो इसके लिए क्रिएटिव गिफ्ट्स हमेशा एक बेहतर विकल्प है। बच्चों को हमेशा क्रिएटिव और ऐसी चीजें पसंद आती हैं, जिसमें वो खुद को भी शामिल कर सकते हैं। आप उन्हें रंगोली मंडला पजल, मोमबत्ती और दीया बनाने की किट जैसी ड्राई चीजें गिफ्ट कर सकते हैं। आप इन गिफ्ट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से मंगा सकते हैं।

### खाने का शौक रखने वालों के लिए बेहतरीन हैं ये गिफ्ट

ऐसे करीबी जो खान-पान के बहुत शौकीन हैं, आप उन्हें फूड हैम्पर गिफ्ट कर सकते हैं। इसमें एक साथ काफी चीजें शामिल हो जाएंगी जैसे मिठाई, चॉकलेट, ड्रिंक्स, मेवे, नमकीन आदि। इन हैम्पर को आप मार्केट से खरीद सकती हैं और अगर आप हैम्पर में अपनी पसंद से चीजें रखना चाहती हैं तो मार्केट से सुंदर सी बास्केट खरीद कर उसमें अपने हिसाब से सामान रखकर उसे ट्रांसपेरेंट पन्नी से पैक कर दें।

### गैजेट प्रेमियों के लिए ये विकल्प हैं सबसे अच्छे

अगर आप किसी गैजेट प्रेमी व्यक्ति को गिफ्ट करने की सोच रहे हैं तो आपके पास बहुत से विकल्प मौजूद हैं। आप उन्हें पोर्टेबल ब्लूटूथ स्पीकर, स्मार्टवॉच, हेडफोन या फिर पॉवर बैंक जैसी रोज इस्तेमाल करने वाली चीजें दे सकते हैं। इसके अलावा आप उन्हें एलईडी लैंप या फिर कॉफी मेकर जैसे उपकरण भी दे सकते हैं। ये चीजें हमेशा किसी न किसी काम आती हैं और काम को आसान भी बना देती हैं।

### इको-फ्रेंडली गिफ्ट्स

अगर आपके करीबियों में कोई बहुत ज्यादा नेचर लवर और इको-फ्रेंडली है तो आप उनके लिए बहुत ही यूनिक गिफ्ट्स ले सकते हैं। आप मार्केट में उपलब्ध इको-फ्रेंडली बैग, मिट्टी के दीये, बांस के टूथब्रश, जैविक चाय की पत्ती, बांस के ईयरबड्स और बांस के चम्मच-कांटे का सेट उन्हें दे सकते हैं। आप चाहें तो इनमें से कोई एक सामान या छोटे-छोटे कुछ सामान मिलाकर उन्हें दे सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### यूटीआरसी कमेटी का जेल समीक्षा एवं विधि जागरूकता शिविर संपन्न

**बालोद।** अंडर ट्रायल रीव्यू कमेटी अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद डॉ. प्रज्ञा पचैरी तथा अंडर ट्रायल रीव्यू कमेटी के सदस्य कलेक्टर कुलदीप शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्यामबती मरावी, एडिशनल एसपी हरीश राठौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन सिंह आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल बालोद में प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जाने वाली यूटीआरसी कमेटी की जेल समीक्षा एवं विधिक जागरूकता शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर यूटीआरसी कमेटी की अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा पचैरी ने कैदियों को बंदीगृह में रहते हुए अपनी बूरी आदतों का त्याग करने को कहा। उन्होंने कहा कि बंदीगृह एक सुधार गृह होता है। इसलिए जेल से रिहा होने के बाद कोई भी बंदी दुबारा ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे उन्हें दोबारा जेल आना पड़े। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जेल बंदियों को बुरी आदतों का त्यागकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की समझाईश दी। इस अवसर पर उन्होंने जेल बंदियों को उनके समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

### भारतीय मजदूर संघ ने मातृ छाया को दी सहायता राशि

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय नेता दंतोपंत ढेगडी के पुण्य तिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए कोयला क्षेत्र में बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजो व उनके परिजनो को भोजप वितरित किया गया । मातृ छाया में जाकर 15 हजार रूपये और दान किए गए । इसके अवाला फ्ल वितरण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, अशोक सूर्यवंशी, अश्वनी मिश्रा, रंजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, नवीन पवार, राजेन्द्र यादव दादूलाल राठौर, बाबूलाल चन्द्रा,अरूण ड्क्षसंह, लक्ष्मण चन्द्रा, प्रीतम राठौर,विरेन्द्र राठौर सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। बिजली कर्मचारी संघ इसके द्वारा भी विद्युत मंडल पूर्व में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवरत्न बरेठ, रामबाबू गर्धव, पूर्णिमा साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। बालको में भी कर्मचारी संघ के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

### तीनो ऑइल कंपनी के एलपीजी वितरकों की बैठक

# डिस्ट्रिब्यूटर्स को हो रही दिक्कतों पर हुई चर्चा, राष्ट्रीय पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में IOCL ,HPCL एवं BPCL एलपीजी वितरकों के एग्जीक्यूटिव समिति की अति आवश्यक मीटिंग होटल एरिना, तेलीबांधा,वी आई पी रोड में संपन्न हुई। एलपीजी वितरकों के राष्ट्रीय संगठन FLDI के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष जायसवाल ,राष्ट्रीय सचिव संजय शर्मा (भिलाई),छत्तीसगढ़ इण्डेन एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ,छत्तीसगढ़ ST/SC एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश मण्डावी के मुख्य आतिथ्य ,कार्यकम अध्यक्ष एवं विशिष्ट आतिथ्य में यह महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई ।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व तीनो ऑयल कंपनी के एलपीजी वितरकों ने अपना -अपना परिचय दिया,स्वागत उद्बोधन पश्च्यात छत्तीसगढ़ इण्डेन एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं FLDI के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष जायसवाल एवं राष्ट्रीय सचिव संजय शर्मा का उपस्तिथ वितरक साथियों ने राष्ट्रीय समिति में छत्तीसगढ़ की ओर से चुने जाने पर ताली बजाकर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया । अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन मे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने एलपीजी व्यवसाय में आ रही दिक्कतों का विस्तार से जानकारी देते हुए वितरकों के हित में आगे भी काम करने की बात कही।

राष्ट्रीय सचिव संजय शर्मा ने सभी वितरक साथियो को एक जुट होने का आव्हान करने का आग्रह किया ताकि व्यवसाय में आने वाली कठिनाइयों का मिलजुलकर समाधान कर सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ इण्डेन एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक अग्रवाल (सकती) को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका हर क्षेत्र में शासन-प्रशासन ,मीडिया के क्षेत्र में हमेशा से ही सहयोग मिलते रहा है । छत्तीसगढ़ इण्डेन एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि उनका संगठन प्रदेश के एलपीजी वितरकों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता है । तीनो ऑइल कंपनी के वितरकों की अहम बैठक में जॉइन्ट कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया ,ताकि शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर वितरकों के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए एलपीजी वितरकों सर्वश्री सुभाष जायसवाल, संजय शर्मा,विकास मरकाम, विनीत मनचंदा,चैनराज बरड़िया,विजय कृष्ण अग्रवाल, संजय डोरा, सौरभ शर्मा,आशीष बाजपेयी, पद्माकर त्रिपाठी सुरेन्द्र राठौर, विशाल शाह शैलेश लोढ़ा ,विद्याभूषण बंजारे, अशोक कुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र मंडावी, सांई प्रसाद ,गिरीश बंसल ,कमल किशोर रंगारी आदि वितरक उपस्थित रहे।

### जोन स्तर पर ओलंपिक कराने तैयारियां पूर्ण

# ब्लाक स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होने 932 खिलाड़ी करेंगे जोर अजमाइश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण की प्रतियोगिता कराने नगर पालिक निगम रिसाली की तैयारी पूर्ण हो गई है। वार्ड स्तर पर विजेता बने 932 महिला एवं पुरूष खिलाड़ी अब जोन स्तर पर परंपरागत खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसके लिए रिसाली निगम क्षेत्र के 40 वार्डो को 6 जोन में बांटा गया है।**



आयुक्त आशीष देवागंन ने बताया कि वार्डवार नियुक्त सद्स्य/सचिव ही विजेता प्रतिभागियों को राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सूचना देंगे। महापौर परिषद के सद्स्य व शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी सनीर साहू के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता कराया जाएगा।

जोन स्तर पर मॉनिटरिंग करने के लिए उप अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायक नोडल अधिकारी राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी, पार्षद और प्रतियोगिता संचालित करने मनोनित सचिव के बीच समन्वय स्थापित करेंगे।

#### यहां पर होगी प्रतियोगिता

रिसाली नगर पालिक निगम के वार्ड 1 से लेकर 8 तक की प्रतियोगिता दशहरा मैदान रूआबांधा में होगी। इसी तरह वार्ड 9 से लेकर 16 तक प्रतियोगिता टंकी मरोदा हाई स्कूल ग्राउण्ड, वार्ड 17 से 21 तक शिव मंदिर स्टेशन मरोदा ग्राउण्ड, वार्ड 22 से लेकर 31 तक दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर, वार्ड 32 से 34 तक नेवई भाठा और 35 से 37 तक डुंडेरा व वार्ड 38 से 40 तक का खेल पुरैना डाक बंगला स्कूल ग्राउण्ड में कराया जाएगा।

#### प्रतिभागी जोन स्तर पर खेलेंगे

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कुल 14 खेलों को शामिल किया गया है। तीन अलग-अलग वर्ग में हुए खेल के विजेता अब जोन स्तर के खेल में शामिल होंगे। 6 से 11 अक्टूबर तक हुए खेल में 18 वर्ष तक के 217 महिला, 245 पुरूष, 18 से 40 वर्ष तक में 224 महिला व 191 पुरूषों ने जीत हासिल की है। इसी तरह 40 से अधिक उम्र वाले 48 महिला व 7 पुरूष विजेता जोन स्तर पर जोर अजमाइश करेंगे।

# धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बालोद जिले में खरीफविपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए है।**

कलेक्टर शर्मा आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान की बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों की समुचित साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, शेड एवं बारदाना की उपलब्धता के साथ-साथ विद्युत एवं इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में आर्द्रता मापी यंत्र, काटा-बाट, किसानों की बैठक व्यवस्था, कैप कव्हर सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान की बिक्री के लिए किसान पंजीयन के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने जिले में बारदानों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी की सतत मानिटरिंग हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध धान की खरीदी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित खाद्य, सहाकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### ब्लाक एवं ग्राम पंचायतों पर व्यापक रूप से हुआ हाथ धुलाई कार्यक्रम

# ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों ने जाना सही हाथ धुलाई का तरीका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पर शनिवार को जिले में हज़ारों हाथ एक साथ धुलें। हाथों की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को बस्तर में सभी शासकीय अस्पतालों, आंगनबाडी, स्कूलों, और आम नागरिकों के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सामूहिक रूप से हाथ धोकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।**



इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आर.के.चतुर्वेदी ने बताया: हाथ की स्वच्छता स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का ही एक हिस्सा है। अच्छी तरह हाथ धुलने से ही कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा जिले में ब्लाक एवं ग्राम पंचायतों पर व्यापक रूप से हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को सही तरीके से हैण्ड वाशिंग के महत्व के बारे में जागरूक करना था। विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पे लोगों के सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए साबुन से हाथ धोने के बारे में विस्तार से 'सुमन के' तकनीक के बारे में बताया गया।

उन्होंने आगे बताया: हाथ की स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का ही एक हिस्सा है क्योंकि सिर्फ साबुन से अच्छी तरह हाथ धुल लेने से ही कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है, रोगाणु कई माध्यमों के जरिये से हमारे शरीर में फैलते हैं। उनमें से एक हमारे हाथ भी बीमारी का एक बड़ा जरिया हैं जिसकी वजह से सबसे ज्यादा बच्चों में संक्रमण व गंभीर बीमारियों जैसे डायरिया, निमोनिया आदि का खतरा बना रहता है। संक्रमण से बचाव का सही तरीका 6 चरणों में ठीक तरह से हाथ धोना है यही हमारे बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक अच्छी पहल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू ने बताया: नौनिहालो में स्वच्छ जीवनशैली के प्रति हाथों की साफ-सफाई के लिये जागरूक करना आवश्यक है। बच्चों को हैंड वॉशिंग की आदत कम उम्र से शुरू कर देना चाहिए, ताकि वह संक्रमण से बचे रहें। हाथों की साफ-सफाई की शुरुआत घर से ही करनी चाहिए। जब घर के बड़े लोग स्वच्छता की आदतों की शुरुआत करते हैं, तो बच्चे भी इसका अनुसरण करते हैं।

#### हाथ न धोने से होने वाली बीमारियाँ

दस्त, श्वसन संक्रमण, टाइफाइड, निमोनिया, पेट संबंधी रोग, पीलिया, आँख की बीमारी,हैजा,त्वचा संबंधी रोग हो सकते है। शौच के बाद, खाना बनाने और खाने से पहले, साफ-सफाई करने के बाद, पालतू जानवरों और खेलने के बाद, किसी बीमार व्यक्ति से मिलकर आने के बाद। छींक,खांसी, बागवानी के बाद हाथ जरुर धोना चाहिये।

# केवल धर्म को जानने वाले कभी धर्म का पालन नहीं कर पाएंगे - आचार्य विशुद्ध सागर महाराज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सन्मति नगर फाफाडीह में जारी चातुर्मासिक प्रवचन माला में शनिवार को आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि केवल धर्म को जानने वाले कभी धर्म का पालन नहीं कर पाएंगे। सारे वयोवृद्ध, ज्ञानी -ध्यानी,तपोनिष्ठ, त्यागी, व्रती,विद्वान आचार्य, मुनि,आर्यिका,गणनी, सबको ध्यान देना होगा कि सिर्फ धर्म को जानने वाला धर्म नहीं कर पाएगा। ज्ञानियों पहले अधर्म को जानना पड़ेगा,तब धर्म का पालन कर पाओगे। यह मत सोचना कभी कि सामने वाला ऊंचा, धनपति व प्रभावी है इसलिए क्या मैं उसकी बात मान लूं मित्र जो सत्यार्थ का जीवन जीकर सत्य को जानता है उसकी बात मानो,उसका नाम तीर्थंकर है। स्वप्न की बातों में मत डूबो,जो भगवान ने कहा है उसे मानो।

आचार्य ने कहा कि किसी को स्वप्न स्वर्ग का तो किसी को नर्क का आता है। इन स्वप्न के चक्कर में मिथ्यात्व को मत बढ़ाइए,ये जिनशासन है,स्वप्न का शासन नहीं है,ये सर्वज्ञ शासन है, सर्वज्ञ की बात प्रमाणित होती है, स्वप्न की बात प्रमाणित नहीं होती। आप कभी छले मत जाना,जगत बहुत तीव्र मिथ्या की ओर दौड़ रहा है, जहां लोग सपनों को प्रमाणित करके आपसे अपनी पूजा कराना चाहते हैं।

जो ग्रंथों में लिखा है,निर्ग्रंथों ने लिखा है उसे मानो। जो स्वप्न प्रमाणित थे वह भगवान तीर्थंकर की मां को सोलह स्वप्न आते हैं,चक्रवर्ती को 16 स्वप्न आए थे,चंद्रगुप्त को 16 स्वप्न आए थे, वे सारे सपनों का फल हमारे ग्रंथों में लिखा जा चुका है,परंतु आज कोई स्वप्न आ रहा है कि जैसे चातुर्मास समिति का अध्यक्ष तीर्थंकर बनेगा! मित्र प्रदीप पाटनी तुम हाथ जोड़कर कहना कि भैय्या मुझे श्रावक ही रहने दो, मैं मुनि बनकर भगवान बन जाऊंगा लेकिन कपड़े पहने-पहने मित्र तीर्थंकर नहीं बनना चाहता हूं।

आचार्य ने कहा कि अभी भी कितने रहस्य हैं, वह क्या सुंदर दिन होगा जैसे आज धम्म रसायण ग्रंथ की रायपुर में खुलकर वाचना हो रही है। कभी ध्वल,जय ध्वल की वाचना हो,उपदेश हो। ज्ञानियों धर्म की घोषणा करने वाले लोगों को पहले धर्म को पहचानना चाहिए व अधर्म को समझना चाहिए। केवल जैन धर्म के ही नहीं देश के युवाओं को पहले अधर्म को समझना चाहिए फिर ही धर्म का पालन कर पाएंगे। मित्रों जो उत्कृष्ट धर्म है,वह अहिंसा, तप, संयम है। जिस धर्म को देवता भी नमस्कार करते हैं,ऐसे धर्म को सदा स्वीकार करो, नमस्कार करो।

### पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन पर बधाई देने लगा रहा तांता

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। राजधानी के वीआईपी रोड जैनम मानस भवन में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रदेश के अलग अलग जिलों से राजधानी पहुँचे और जन्मदिन समारोह में शामिल होकर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. सिंह को उनके जन्मदिन पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल अनुसुइया उइके, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत कई बड़ी हस्तियों ने शुभकामनाएं भेजी हैं।
























## खास खबर



### प्रिंसिपल की प्रताड़ना से तंग छात्रा ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत, थाने पहुंचे परिजनों का हंगामा

**कांकेर।** जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र में 17 साल की एक छात्रा ने गुरुवार को जहर खा लिया। परिजनों ने छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्रा को प्रताड़त किए जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद छात्रा के परिजन व गांववाले थाने पहुंच गए। ग्रामीणों की मांग है कि प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर कर उसे गिरफ्तार किया जाए।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गुरुवार की बताई जा रही है। गुरुवार शाम को बारदेवरी निवासी छात्रा दुर्गेश्वरी मंडावी ने जहर खा लिया था। परिजन छात्रा को अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। दुर्गेश्वरी की मौत की खबर मिलने के बाद उसकी सहेलियां घर पहुंची और स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण शरण तिवारी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। छात्राओं ने बताया कि प्रिंसिपल ने उसकी पिटाई की थी और लगातार उसे प्रताड़ित करता था।

छात्राओं ने प्रिंसिपल पर कई गंभीर आरोप लगाए। छात्राओं का कहना है कि प्रिंसिपल द्वारा लगातार छात्राओं को परेशान किया जा रहा था और छात्राओं की पिटाई भी करता था। प्रिंसिपल द्वारा प्रताड़ना की जानकारी मिलने के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और गांव वालों के साथ थाने पहुंच गए। ग्रामीणों की मांग है कि प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए। फिलहाल पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, घर लौट रहे महिला और उसके भतीजे की मौके पर मौत, चालक हुआ फरार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक रोड एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में बाइक सवार महिला और उसके भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। कुरूद में नेशनल हाईवे संगवारी ढाबा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। जिसके बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी कर रही हैं।

#### घर लौट रहे थे दोनों

पुलिस ने बताया कि नगर पंचायत कुरूद के डबरापारा वार्ड नं 8 निवासी शिरवंती बाई पति कृपाराम ढीमर उम्र 40 वर्ष और उसके देवर का लड़का डागेंद्र ढीमर उम्र 20 वर्ष शुक्रवार को ग्राम भटगांव खोरपा छट्ठी कार्यक्रम में गए थे। जहां से शनिवार को सुबह वापस अपने मोटरसाइकिल से कुरूद आ रहे थे। तभी करीब 10 बजे कुरूद संगवारी ढाबा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जबरदस्त ठोकर मार दिया।

---

स्पर्श हॉस्पिटल के डॉक्टर को धमकाने वाला गिरफ्तार

# खुद को स्वास्थ्य विभाग का अफसर बताकर की थी पांच लाख की डिमांड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्पर्श हॉस्पिटल के डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बताकर पांच लाख रुपए की डिमांड करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी को सुपेला पुलिस दो दिन दिन से तलाश कर रही थी। एफआईआर होने के बाद आरोपी लगातार छिपता फिर रहा था। शनिवार को सुपेला पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस कर भिलाई में ही गिरफ्तार किया और आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




बता दें 11 अक्टूबर को स्पर्श हॉस्पिटल के डॉ संजय गोयल के केबिन में एक शख्स जबरन घुसा और खुद को हेल्थ डिपार्टमेंट का अफसर बताते हुए पांच लाख रुपए की मांग की। आरोपी ने डॉक्टर को धमकाते हुए कहा कि अस्पताल में गड़बड़ियां हो रही है। शातिर ने डॉ संजय गोयल से कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्रालय आया है और अस्पताल के खिलाफ मिल रही शिकायतो की जांच करेगा। दबाव बनाने के लिए उसने डॉक्टर गोयल से कहा कि वह अस्पताल में ताला लगवा देगा। डॉक्टरों ने संयम से काम लिया और शांति से बात करते हुए शातिर का नंबर ले लिया और अपना भी नंबर दिया। शातिर के जाने के बाद जब डॉक्टर ने उसे कॉल किया तो वह अपने आप को ईडी का आदमी बताने लगा। इसके बाद डायरेक्टर संजय गोयल ने सीधे मामले की शिकायत सुपेला थाने में दर्ज कराई।

#### पुलिस से बचने बंद कर दिया था मोबाइल

एफआईआर के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए साइबर टीम को लगा दिया था। लेकिन शतिर बार बार अपना लोकेशन बदल रहा था और इस दौरान मोबाइल भी बंद कर रखा था। सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि आरोपी का नाम संजीव जैन् है और वह राजनांद गांव का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम को राजनांदगांव भी भेजा गया लेकिन वह मोबाइल बंद कर रखा था। शनिवार को आरोपी संजीव जैन राजनांदगांव से रायपुर के लिए निकला था इस दौरान भिलाई में इसे दबोचा गया। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

#### अस्पताल का व्यक्ति भी साजिश में शामिल


बताया जा रहा है कि इस पूरे घटना क्रम में स्पर्श अस्पताल मैनेजमेंट के किसी व्यक्ति की मिलीभगत भी सामने आ रही है। हालांकि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने किसी का नाम उजागर नहीं किया है। जब आरोपी संजीव जैन अस्पताल पहुंचा तो वह मैनेजमेंट के किसी व्यक्ति से बात कर रहा था। सीसी टीवी फुटेज में यह रिकार्ड भी हुआ है। हालांकि इस संबंध में पुख्ता जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी नहीं मिल पाई है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

---

दुष्कर्म के बाद छात्रा का न्यूड वीडियो वायरल

# शादीशुदा प्रेमी ने झांसे में लेकर किया था दुष्कर्म

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** जिले में एक छात्रा का रेप के बाद न्यूड वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इस मामले में छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा का वीडियो वायरल करने वाला उसका शादीशुदा प्रेमी है और सच्चाई पता चलने पर छात्रा ने उससे ब्रेकअप कर लिया था। इसी से नाराज शादीशुदा प्रेमी ने छात्रा का न्यूड वीडिया इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। जब इसकी जानकारी छात्रा को हुई तो वह रोते हुए थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। छात्रा की शिकायत सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय कॉलेज छात्रा का परिचय पंकज कश्यप नाम के शख्स से हुई थी। शुरुआती परिचय के बाद दोनों में मेल मुलाकात बढ़ने लगा। इस दौरान पंकज कश्यप ने युवती के सामने शादी का प्रपोजल रखा। युवती उसके झांसे में आ गई। इसके बाद युवक ने उससे दुष्कर्म किया और उस दौरान उसका न्यूड वीडियो भी बना लिया। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि पंकज कश्यप पहले से शादी शुदा है। इसके बाद युवती ने उससे दूरी बना ली।

युवती की यह बात पंकज कश्यप को रास नहीं आई और वह फोन कर धमकाने लगा। इसके बाद भी युवती डरी नहीं तो युवक ने उसकी न्यूड फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। इससे आहत युवती थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

---

# रेलवे की टिकट दलालों पर बड़ी कार्रवाई, 96 टिकट दलाल गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने टिकट दलालों पर बड़ी कार्रवाई है। लगातार जारी कार्रवाई के दौरान रेलवे ने 96 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया है। इन दलालों के पास से पुलिस ने 2000 एडवांस टिकट बरामद किए। बरामत टिकट 53 लाख रुपए से भी ज्यादा के हैं। आरपीएफ ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर व नागपुर रेल मंडल में की है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विशेष अभियान जोन के सभी तीनों रेल मंडलों में शुरू किया गया। यह अभियान बेहद सफल रहा और इसके कारण अब तक 96 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया है। इन टिकट दलालों द्वारा अवैध रूप से खरीदे गए लगभग 2000 से अधिक टिकटों को जब्त किया गया। जब्त टिकटों में एडवांस टिकट भी शामिल हैं जिनका मूल्य 53 लाख रुपए से अधिक है। रेलवे टिकटों को बरामद कर सभी को रद्द कर दिया गया।

#### रेलवे की अपील दलालों से न लें टिकट

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लोगों से अपील कर कहा है कि लोग इस तरत के दलालों से टिकट न खरीदे। क्योंकि यह न केवल एक बार पता चलने के बाद रद्द हो सकता है, बल्कि टिकट लेने वाले को कानूनी परेशानी में भी डाल सकता है। रेलवे टिकटों के दलालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा।

---

# बीसी का पैसा नहीं था तो महिला ने बना दी फर्जी लूट की कहानी



**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में दोपहर को दुर्ग की जिस महिला ने अपने साथ साढ़े चार लाख रुपए के लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसका खुलासा दुर्ग पुलिस ने रात को ही कर दिया। दरअसल उस महिला ने लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा कर पुलिस को गुमराह किया। एसपी दुर्ग ने बताया कि वह 11 महीने सभी से पैसे लेने के बाद जब उसके देने की बारी आई तो उसके पास रकम नहीं थी। इसलिए उसने अपने दोस्त के संग मिलकर झूठे लूट की साजिश की। जब भिलाई तीन पुलिस और साइबर क्राइम की टीम ने मिलकर बारीकी से जांच की तो उस महिला ने घटना स्थल से 9 किलोमीटर पहले ही अपना बैग अपने दोस्त को स्वयं दिया और स्कूटी से थाने आकर उसने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बताई और अपनी गलती मानी। इधर दोपहर को घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ अभिषेक ने संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एएसपी शहर, डीएसपी क्राइम, साइबर क्राइम यूनिट सहित भिलाई तीन थाना की टीम ने मिलकर कार्रवाई की। चंद घंटे में ही सच्चाई सामने आ गई।

#### झूठी कहानी बनाई ताकि न देने पड़े पैसे

दुर्ग पद्मनाभपुर निवासी भावना राठौर ने अपने दोस्त टार्जन पिता आर बंजारे निवासी रिसाली के साथ मिलकर झूठी कहानी रची। ताकि उसे बीसी के पैसे न देने पड़े। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने गोलमोल जवाब दिया। महिला ने बीसी की रकम ले कर कुछ लोगों को ब्याज पर दे दया थाजो उसे वापस नहीं मिली। अब उसने बीसी की रकम जमा करने से बचने के लिए 4 लाख 64 हजार रुपए की लूट की झूठी कहानी पुलिस को बताई, ताकि उसकी रिपोर्ट लिखाने के बाद उस पर कोई शक न करें और उसे पैसे न देने पड़े।

---

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दौरान महिला कबड्डी खिलाड़ी की मौत




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कबड्डी खेलने के दौरान एक और खिलाड़ी की मौत का मामला सामने आया है। इस बार कोंडागांव की महिला खिलाड़ी की कबड्डी खेलने के कारण मौत हो गई। महिला खेल के दौरान घायल हो गई थी। पहले उसे कोंडागांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके बाद रायपुर रेफर किया गया। रायपुर में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे पहले रायगढ़ में भी एक युवक की कबड्डी के दौरान मौत हो गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव के माझी बोर्ड में शुक्रवार को छत्तीसगढ़या ओलंपिक का आयोजन किया गया था। इसमें कबड्डी खेलते-खेलते शांति मंडावी नाम की महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर कोंडागांव अस्पताल पहुंचे। यहां से उसे रात में ही रेफर कर दिया गया। रायपुर के एमएमआई अस्पताल में महिला को लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### केदार कश्यप ने सरकार को घेरा

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दौरान महिला की मौत को लेकर पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने सरकार को घेरा। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की ओलम्पिक ने कोण्डागांव की बहन शांति मंडावी की जान ले ली। लापरवाही का आलम यह है कि MMi हॉस्पिटल में कांग्रेस सरकार की ओर से कोई देखने तक नहीं पहुंचा। उन्होंने ट्वीट कर यह भी कहा कि परिवार पोस्टमार्टम के लिए तरस रहा है।

---

# ससुराल जाने को राजी नहीं थी पत्नी, चार दिन मनाता रहा पति, नहीं मानी तो कर दी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक पति ने अपनी ही पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। मामला दंतेवाड़ा सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक अपनी पत्नी को घर ले जाने के लिए अपने ससुराल गया हुआ था। जब उसकी पत्नी चार दिनों तक नहीं मानी तो गुस्से में आकर उसने उसकी हत्या कर दी। परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दंतेवाड़ा की रहने वाली मंजू लेकामी की शादी नारायणपुर के ओरछा इलाके के मनीराम के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। नाराज मंजू अपने मायके आकर रह रही थी। काफी दिनों से वह ससुराल नहीं गई। उसे मनाकर घर ले जाने पति मनीराम दंतेवाड़ा आया। 4 दिनों तक पत्नी के साथ भी रहा। पत्नी ससुराल जाने राजी नहीं हुई तो मौका देख उसने धारदार हथियार से गले पर वार कर पत्नी की हत्या कर दी। फिर खुद मौके से फरार हो गया था। वारदात के समय घर पर दोनों पति-पत्नी ही थे। थोड़ी देर बाद जब परिजन पहुंचे तो उन्होंने मंजू को मृत पाया।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# जेल लोक अदालत : जस्टिस गौतम भादुड़ी बोले- बंदी ये न समझे कि जेल में रहना ही उनका भविष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर देश की प्रथम राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को हुआ। इसी कड़ी में केन्द्रीय जेल दुर्ग में भी वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में के जस्टिस गौतम भादुड़ी विशेष रूप से पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव, जेल अधीक्षक योगेश क्षत्री सहित बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत में आज कुल 17 प्रकरण निराकृत हुए।**




इस मौके पर जस्टिस गौतम भादुड़ी कहा कि छोटे-छोटे अपराध में जो बंदी निरूद्ध है तथा जो विचाराधीन बंदी के रूप में निरूद्ध हैं तथा आधी सजा भुगत चुका है एवं जिसका आचरण व्यवहार अच्छा है उनके लिये वृहद जेल लोक अदालत के माध्यम से उनके प्रकरणों का निराकरण आज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल लोक अदालत, लोक अदालत का ही एक भाग है। बंदी ये न समझे कि जेल में रहना ही उनका भविष्य है। बंदी अपने को सुधारने की प्रक्रिया में ले, अपने दिमाग में सकारात्मक सोंच रखें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से ही अपराधी नहीं होता, कुछ परिस्थितियां आक्रोशवश अपराध की श्रेणी में ले आती है। केन्द्रीय जेल में उस अपराध का प्रायश्चित करते हुए अपने जीवन को और बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास करते हुए अपने शरीर में उर्जा का संचार कर सकता है। उन्होंने कहा यह अवसर सुधार करने का है।

कार्यक्रम में मौजूद जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ राज्य के लिए यह गर्व का विषय है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों के संबंधित प्रकरणों में प्ली-बारगेनिंग एवं शमनीय प्रकृति के मामलों में समझौते के माध्यम से छोटे अपराधों में जेल में निरूद्ध बंदियों के प्रकरणों को निराकृत किया जा रहा है। जेल लोक अदालत के माध्यम से जो बंदी रिहा होंगे वे अपने परिवारजनों के साथ त्यौहार मना सकेंगें।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा कि बंदी अपनी अंर्तआत्मा की आवाज सुने और यह निर्णय लें कि जो अपराध वे कर रहें हैं वे सही है या नहीं, बंदी जो अपराध करता है उसका खामियाजा उसके परिवारजन भी भुगतते हैं अकारण परेशान रहते हैं साथ ही प्रियजन की रिहाई के लिये अधिवक्ताओं व न्यायालय के चक्कर लगाते फिरते हैं साथ ही साथ अपराधी जेल में आने के बाद अपनी रिहाई के बारे में चिंतित रहता है। बंदियों को जागरूक किये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों के मनोबल को बढाते हुए उन्हें अपराध की पुनरावृत्ति न करने की सलाह दी।

## खास - खबर

### निगम परिसर में लगे मोबाइल यूनिट शिविर का आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शहर एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों को नि:शुल्क बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नगर पालिक निगम परिसर में लगे मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर में आयुक्त लोकेश चंद्राकार पहुँचे। उपस्थित अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगो का हिमोग्लोबिन, सिकलिन सहित ब्लड ग्रुप की जांच की गई और खान पान, रहन सहन और स्वच्छता को अपनाते हुए अपने और परिवार के स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी गई। निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है, जो शासन की मंशा अनुसार स्लम क्षेत्रों में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने शिविर आयोजित कर रहे है। महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में जांच कराने आए निगम के कर्मचारियों से बात की और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना आवश्यक है, इससे विभिन्न बीमारियों का पता भी चलता है और इसका इलाज समय रहते हो जाता है, विलंब करने की दशा में बीमारियों को बढने का मौका मिलता है।

### बीएसपी द्वारा रावघाट क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन

**भिलाई।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट माइंस परियोजना के निगमित सामाजिक उत्तदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा 17 से 19 अक्टूबर, 2022 तक दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन वनांचल क्षेत्र खोड़गांव तथा नारायणपुर में किया जा रहा है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम 'भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम' (एलिम्को) के सहयोग से इस तीन दिवसीय षिविर का आयोजन किया जा रहा है। रावघाट क्षेत्र के नारायणपुर जिला के जिला अस्पताल में और खोड़गांव पंचायत में आयोजित किए जाने वाले इस षिविर में दिव्यांगजनों का परीक्षण किया जाएगा और उनको आवष्यकतानुसार सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया जाएगा। षिविर में चयनित दिव्यांगजनों को एलिम्को के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मषीन, दृष्टि बाधितार्थ फेल्डिंग छड़ी, एम.एस.आई.ई.डी. किट, ट्राईपोड, टेट्रोपोड, सर्वाइकल कालर, नी बेस आदि उपकरणों का नि:षुल्क वितरण करेगा। यह षिविर भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान विभाग और निगमित सामाजिक उत्तदायित्व विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए नि:षुल्क परीक्षण षिविर का आयोजन 17 अक्टूबर, 2022 को खोड़गांव के ग्राम पंचायत में प्रात: 11 बजे से संध्या 5 बजे तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 एवं 19 अक्टूबर, 2022 को नारायणपुर के जिला अस्पताल में प्रात: 11 बजे से संध्या 5 बजे तक षिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण स्वरूप राषन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि की फेटो कापी तथा आय प्रमाण पत्र (सांसद, विधायक, एसडीएम, तहसीलदार, ग्राम प्रधान एवं नियोक्ता द्वारा निर्गित) एवं दिव्यांगता दर्षाती हुई एक पासपोर्ट साइज फेटो आवष्यक है।

डोर टू डोर कचड़ा कलेक्शन का आयुक्त ने ली जानकारी

## इस दौरान नागरिको से की अपील, गीला-सूखा कचड़ा अलग- अलग रखें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम अल सुबह आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने बटालियन के करीब जीरो वेस्ट सेंटर पहुँचे। उन्होंने जीरो वेस्ट सेंटर का निरीक्षण किया और गीला कचड़ा से जैविक खाद बनाने की जानकारी ली। आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिको के घर जाकर लोगो से घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को अलग-अलग डस्टबीन में रखें,नाली,सड़क में न फेके।

वार्ड 21 डोर टू डोर कलेक्शन के संबंध में आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने घर-घर जाकर स्वयं डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सफाई दरोगा सुरेश भारती, राजेन्द्र सराठे, राजू सिंह,रामलाल भट्ट, पीआईयू शेखर वर्मा के साथ वार्ड का भ्रमण किए। प्रत्येक घरों में आयुक्त ने निरीक्षण किए और जिस घरों में गीला सूखा कचरा नही दिया गया, उन्ही से गीला सूखा कचरा अलग-अलग करवाकर डस्टबीन में डलवाने को कहा गया। साथ उन्हें हिदायत दी ऐसा कतई न करें। क्योंकि शहर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी न केवल नगर निगम की है बल्कि हम सब की भी जिम्मेदारी है। घर का कचरा बाहर न फेंकें। डोरबेल योजना के तहत कचरा एकत्र करने आपके घर तक निगम रिक्शा भेज रही है। कचरा या घर से निकला निर्माण सामग्री, पॉलिथीन आदि को भी न डालें। इससे नालियां जाम होगी और परेशानी सभी को होगी। इसके बाद आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचकर मौजूद अधिकारी व ठेकेदार को निर्देशित किया कि ट्रेचिंग ग्राउंड के कचरे को जल्द व्यवस्थित करें।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का दूसरा चरण प्रारंभ, हर स्तर को लेकर खिलाड़ी उत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का दूसरे चरण का आज प्रथम दिन रहा। मोबाइल की आदतों को छोड़कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में सभी अपने दो-दो हाथ आजमा रहे हैं और अपने बचपन को याद कर रहे हैं।**



14 प्रकार के छत्तीसगढ़िया खेल जिसमें पिट्ठुल, गिल्ली डंडा, संखली, लंगडी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बाटी (कंचा), बिल्लस, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद का खेल शामिल है का लोग खेल मैदानों में पहुंचकर और खेलकर खूब आनंद ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में महापौर नीरज पाल की पहल तथा निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के विभिन्न मैदानों में खेल के आयोजन हो रहे हैं। छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल में बच्चे, युवा, महिलाएं सभी वर्ग के लोग शामिल होकर खेल का लुफ्त उठा रहे हैं। आज अधिकारियों ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा खिलाड़ियों को खेल के नियमों को बताते हुए खेल प्रारंभ कराया।

## सुविधाओं का जायजा: बंद स्ट्रीट लाइट पर भड़के आयुक्त ठेका कंपनी को किया तलब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नगरीय निकाय क्षेत्र रिसाली के नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने आयुक्त आशीष देवांगन शनिवार को वार्ड 37 जोरातराई पहुंचे। स्थानीय नागरिकों की शिकायत बंद स्ट्रीट लाइट को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल स्ट्रीट लाइट मरम्मत करने वाली एजेंसी ई.ई.एस.एल. को तलब किया। इस दौरान महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी और अनूप डे ने फिल्ड में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया।




आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्यौहार को देखते हुए प्रत्येक स्ट्रीट लाइट पोल की हर रोज जांच करे। बंद होने पर उससे तत्काल ठीक कराए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट मरम्मत करने वाली ई.ई.एस.एल. एजेंसी को तलब करते कहा कि कंपनी अपना गैंग बढ़ाए। स्ट्रीट लाइट चालू होने के बाद मॉनिटरिंग करे।

इस दौरान पार्षद हरिशचंद्र नायक, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित धनकर, एल्डरमेन तरूण बंजारे, सहायक अभियंता आर. के. जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वार्ड के नागरिकों का कहना था कि मिलन चौक के निकट बने सार्वजनिक शौचालय के पीछे एकत्र कचरा को नहीं उठाया जा रहा। दरअसल जमीन गीली होने की वजह से ट्रक व हाइवा स्थल तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस पर स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने गैंग लगाकर कचरा उठाने और टैऊक्टर से कचरा का परिवहन करने निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहार के पहले सफाई कार्य पूर्ण करने कहा।

### पानी निकासी के संसाधन के लिए तैयार करे प्लान

वार्ड पार्षद ने मिलन चौक के निकट बसे बस्ती में हल्की बारिश होने पर जल भराव की स्थिति होने का खुलासा किया। स्थल निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनूप डे ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि भिलाई इस्पात संयंत्र के आहते के किनारे बनी नाली क्षतिग्रस्त हो चुकी है, उसे ठीक कराने अधिकारी स्टीमेंट तैयार कर प्रस्तुत करे। मुख्य नाली के मरम्मत कराने से नागरिकों की समस्या दूर हो जाएगी। इस दौरान आयुक्त ने अम्बेडकर आवास योजना के तहत आबंटित आवास के हितग्राहियों से मुलाकात कर जानकारी दी कि वे आवास मरम्मत के लिए शासन को पत्र लिख चुके है। राशि मिलने पर वे मरम्मत कार्य को आरंभ करेंगे।

## मोबाइल यूनिट शिविर का आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शहर एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों को नि:शुल्क बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नगर निगम परिसर में लगे मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर में आयुक्त लोकेश चंद्राकार पहुँचे। उपस्थित अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगो का हिमोग्लोबिन, सिकलिन सहित ब्लड ग्रुप की जांच की गई और खान पान, रहन सहन और स्वच्छता को अपनाते हुए अपने और परिवार के स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी गई।**

निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है, जो शासन की मंशा अनुसार स्लम क्षेत्रों में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने शिविर आयोजित कर रहे है। महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया जा रहा है।

उन्होंने शिविर में जांच कराने आए निगम के कर्मचारियों से बात की और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना आवश्यक है, इससे विभिन्न बीमारियों का पता भी चलता है और इसका इलाज समय रहते हो जाता है, विलंब करने की दशा में बीमारियों को बढने का मौका मिलता है, मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाई प्राप्त करने की जानकारी उन्होंने कर्मचारियों को दी।

गृहमंत्री के गांव में लगी पुलिस की चौपाल

## स्कूली छात्र-छात्रओं को यातायात व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बच्चों को यातायात जागरूकता एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय तथा महिला सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी देने दुर्ग पुलिस की चौपाल शनिवार को गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के गृहग्राम में लगी। पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉक्टर अभिषेक पल्लव के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पऊवारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर ने जागरुकता कार्यक्रम चलाया।**



कार्यक्रम की शुरूआत में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी अपराध से बचाव हेतु तथा कानून में महिलाओं को प्राप्त संरक्षण की जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस द्वारा बनाये गये एप्लीकेशन अभिव्यक्ति को उपस्थित सभी छात्राओं को मोबाईल में डाउनलोड कराया गया। एवं यह ऐप्स से महिला सुरक्षा संबंधी लाभ की जानकारी दी गई। यह एप्लीकेशन आपके मुसीबत में किस प्रकार हेल्प करता है इसके बारे विस्तृत जानकारी रक्षा टीम प्रभारी संगीता मिश्रा एवं उनकी टीम के द्वारा प्रदान की गई। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के बारे में पैदल चलने के नियम, दो पहिया वाहन चालन के पूर्व एवं बाद की सावधानियां, रोड मार्किंग, संकेत बोर्ड तथा गुडसेमेरिटन के महत्व को उजागर करते हुए विस्तृत जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को प्रदान की गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से यातायात नियम संबंधी प्रश्न भी पूछे गये। सही उत्तर बताने वाले छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। सायबर अपराध से बचने के लिए पासवर्ड संबंधी, ओटीपी, अपनी निजी जानकारी फेसबुक वाट्सअप एवं सोशल साईड मे पोस्ट करने से बचे, ओएलएक्स एवं ऑन लाईन शॉपिंग लिंक से होने वाली ठगी के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस चौपाल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से कहा गया कि सोशल साईड में दिये गये लिंक पर कभी भी विश्वास न करें तथा अपने निजी जानकारी फेसबुक पर कदापि साझा न करे तथा किसी भी प्रकार के कॉल पर विश्वास न करे, इन सभी बातो को ध्यान में रखने से आप साइबर ठगी से बच सकते है एवं सड़क दुर्घटना से बचने के लिए दो पहिया वाहन में सदैव हेलमेट का उपयोग करें हेलमेट का उपयोग करने से किसी कारणवश यदि आप सड़क दुर्घटना का शिकार होते है।

विधायक वोरा के एक्शन मोड में आने से विकास कार्यों में आई गति

## 7 करोड़ की सड़कें व 2.5 करोड़ के आत्मानंद विद्यालय दिसंबर तक होंगे पूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा निगम क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं में बढ़ोतरी एवं जनसमस्या के निराकरण के लिए एक्शन मोड में हैं। नगर निगम में नए आयुक्त लोकेश चंद्राकर द्वारा पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने उनके साथ लगातार दौरा कर उन्हें वार्डों की समस्या एवं प्रथमिकता से पूर्ण कराए जाने वाले बड़े विकास कार्यों से अवगत कराया।



गौरवपथ, मुक्तिधाम मार्ग, ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, शिवनाथ इंटकवेल, पुलगांव नाला डायवर्सन जैसे कार्यों में गति लाने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद उसी कड़ी में वोरा ने आयुक्त एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ दीपक नगर एवं मल्टीपर्पस स्कूल में बनाए जा रहे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूलों में चल रहे रेनोवेशन एवं निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। आत्मानंद विद्यालयों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए इन पर लगभग 2.5 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। वोरा ने कहा कि प्रदेश भर में स्वामी आत्मानन्द विद्यालयों में प्रवेश लेने की होड़ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना शासकीय शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में सफल हो रही है।

स्कूलों में शिक्षा के स्तर की तरह ही सुंदर भवन एवं स्वच्छ वातावरण निर्मित करने बड़ी राशि खर्च की जा रही है जिसका जल्द से जल्द छात्र छात्राओं को लाभ प्राप्त होना चाहिए। कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे ने बताया कि दिसंबर माह तक दोनों आत्मानंद विद्यालयों का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा एवं भवन लोकार्पित किए जा सकेंगे। 7 करोड़ से होने वाले 60 वार्डों में मूलभूत विकास कार्य भी 2 माह में पूर्ण हो जाएंगे। विधायक के लगातार दौरे से अधिकारियों में भी प्रशासनिक कसावट देखने को मिली है लंबे समय से निविदा होने के बाद भी 7 करोड़ के सड़क नाली के काम शुरू नहीं हो पा रहे थे किंतु शुक्रवार को 65 लाख एवं शनिवार को 86.29 लाख के कार्यों का भूमिपूजन कर सड़क नाली एवं डामरीकरण कार्यों का शुभारंभ कराया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950